■ RNI:
UPHIN/2015/60902

■ डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

■ वर्ष : 9 ■ अंक : 195
■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शनिवार, 04 नवम्बर, 2023

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
■ www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स




# भूकंप के झटकों से हिल उठा शहर

# तीमारदारों ने अस्पतालों से बाहर निकाले मरीज

एजेंसी

**लखनऊ।** शुक्रवार की रात करीब साढ़े 11 बजे लखनऊ और उसके आसपास के जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके इतने तेज थे कि लोग घरों से बाहर निकल आए। दो तीन मिनट के भीतर यह झटके कई बार आए। बदहवासी में लोग घरों से बाहर निकले। लखनऊ से सटे हुए बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर आदि में भी भूकंप महससू किया गया। इन जिलों में भी दो से तीन बार झटके आए। भूकंप का केंद्र नेपाल बताया गया है। अभी आ रही खबरों के अनुसार भूकंप के झटके पूरे उत्तर भारत में महसूस किए गए हैं। लखनऊ के सिविल अस्पताल के सभी मरीज बाहर निकल आए। उनके तीमारदार उनको लेकर बाहर आ गए। जब तक भूकंप के झटके आते रहे मरीज बाहर ही बैठे रहे। भूकंप की खबर आते ही लखनऊ स्थित राहत आयुक्त ऑफिस अलर्ट हो गया। अभी तक किसी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं आ रही है।




### ऊंची इमारतों से बाहर आए लोग, फिर देर रात अंदर गए

शहर के ज्यादातर इलाकों से देर रात तक लोगों को घरों-अपार्टमेंट के बाहर रहने की खबर मिलती रही। लोग दोबारा न आ जाए, इस कारण बाहर ही डटे रहे।

**दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके, देर तक कांपती रही धरती**
**गोरखपुर- बस्ती मंडल में भूकंप के तेज झटके, कुछ सेकेंड तक कांपी धरती**
**उत्तराखंड में भी आया भूकंप, गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक सभी जिलों में महसूस हुए तेज झटके**
**ठीक एक महीने बाद फिर कांपी धरती, अलीगढ़ में लगे भूकंप के झटके**
**बिहार में फिर आया भूकंप; घर में सो रहे थे लोग**
**भूकंप के तेज झटकों से कांपा पश्चिमी यूपी, नींद से जागे लोग, इमारतों से बाहर की ओर दौड़े**

**इस बीच इस मैसेज ने डराया**

व्हाट्स ग्रुपों पर लोगों मैसेज चला दिया कि अगला एक घंटे चालीस मिनट खतरे से भरा है, क्योंकि लखनऊ येलो जोन में है। मौसम वैज्ञानिकों को मुताबिक, लखनऊ जोन 3 में आता है, इस श्रेणी के इलाकों में मध्यम खतरा होता है।

### उत्तराखंड में भी आया भूकंप, गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक सभी जिलों में महसूस हुए तेज झटके

देहरादून। उत्तर भारत में एक बार फिर आये भूकंप से उत्तराखंड की धरती और पहाड़ भी डोल गये। प्राथमिक जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र नेपाल बताया जा रहा है इसलिए सीमावर्ती पिथौरागढ़ के इलाके में भूकंप से कंपन अधिर महसूस किया गया। गढ़वाल से लेकर कुमाऊं तक सभी जिलों में महसूस किये गये हैं भूकंप के झटके। भूकंप की तीव्रता 6 के आसपास बताई जा रही है।

## गोरखपुर में भूकंप के बाद घरों से बाहर निकले लोग

बिहार समेत देश में कई राज्यों में एक बार फिर भूकंप का बड़ा झटका महसूस किया गया। नेपाल में भूकंप का केंद्र था। मौसम विभाग के अनुसार 6.4 तीव्रता का यह भूकंप था, जो शनिवार रात 11 बजकर 32 मिनट पर आया था। जमीन के 10 किलोमीटर नीचे केंद्र था। भूकंप का असर नेपाल से सटे बिहार और उत्तर प्रदेश के सभी सीमावर्ती जिलों में ज्यादा रहा। इसके साथ दोनों राज्यों की राजधानी तक लोगों ने झटका महसूस किया। झारखंड और पश्चिम बंगाल तक इसका असर रहा। सीवान में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए।

## लखनऊ से 262 किमी दूर था केंद्र

लखनऊ से लगभग 262 किमी दूर नेपाल में शुक्रवार की रात आए भूकंप के झटकों का असर प्रदेश के कई जिलों में रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह और मो. दानिश के मुताबिक, लखनऊ से उत्तर उत्तर पूर्व में नेपाल भूकंप का केंद्र था। जिसकी गहराई 10 किलोमीटर थी। वहीं इसकी तीव्रता 6.4 मैग्नीट्यूट दर्ज की गई। यह तीव्र श्रेणी का भूकंप था।

# जेट एयरवेज संस्थापक नरेश गोयल और पत्नी की बढ़ी मुश्किलें

## आरोपियों ने बड़े पैमाने पर हेराफेरी और धन की हेराफेरी की गई है : न्यायालय

एजेंसी

मुंबई। अभियोजन की शिकायत (आरोपपत्र) के साथ संलग्न दस्तावेजों की प्रतियां प्रथम दृष्ट्या संकेत देती हैं कि आरोपियों ने बड़े पैमाने पर हेराफेरी और धन की हेराफेरी की है। जिसके बाद आरोपियों को समन जारी किया और उन्हें 9 नवंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया।

धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और उनकी पत्नी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय के आरोपपत्र पर संज्ञान लेते हुए कहा कि, केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधडी से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इनके खिलाफ पर्याप्त सामग्री है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने गोयल के अलावा चार कंपनियों - जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल), जेटएयर प्राइवेट लिमिटेड, जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड और जेट एयरवेज एलएलसी, दुबई को मामले में आरोपी के रूप में नामित किया है।




धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दायर मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने 1 नवंबर को आरोपपत्र पर संज्ञान लिया, जबकि एक विस्तृत आदेश शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया। अदालत ने नरेश गोयल को 9 नवंबर को रहने का भी आदेश दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्यालय में पूछताछ के लंबे सत्र के बाद 1 सितंबर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गोयल को गिरफ्तार किया। 74 वर्षीय व्यवसायी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और मध्य मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जेट एयरवेज, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता और अब बंद हो चुकी निजी एयरलाइन के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एफआईआर से जुड़ा है, जो 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में है। अदालत के आदेश में शिकायत (चार्जशीट) में लगाए गए आरोपों का उल्लेख किया गया है, पीएमएलए के तहत दर्ज किए गए बयानों और बैंक बयानों से सामने आए तथ्यों से प्रथम दृष्टया संकेत मिलता है कि उपनगरीय मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में केनरा बैंक की शाखा ने 848.86 करोड़ रुपये का ऋण दिया था। जेआईएल पर वर्तमान में 538.62 करोड़ रुपये बकाया है। अदालत ने कहा, अभियोजन की शिकायत (आरोपपत्र) के साथ संलग्न दस्तावेजों की प्रतियां प्रथम दृष्ट्या संकेत देती हैं कि आरोपियों ने बड़े पैमाने पर हेराफेरी और धन की हेराफेरी की है। जिसके बाद आरोपियों को समन जारी किया और उन्हें 9 नवंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया।

# प्रदूषण पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

## कोर्ट ने दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

प्रदेषण के लिये आप जिम्मेदार हैंः हाई कोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने राजधानी में पेड़ों की कटाई का अस्पष्ट एवं बिना सोचे-समझे आदेश पारित करने के लिए वन विभाग की खिंचाई की। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह विभाग और उसके अधिकारियों के इस तरह का आदेश पारित करने की वजह से ही शहर का वायु का स्तर विषाक्त श्रेणी में पहुंच गया है और वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने इसके साथ ही सुनवाई 8 नवंबर के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति ने अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना रवैये पर कहा कि आप चाहते हैं कि लोग गैस चैंबरों में रहें? आज दिल्लीवासी प्रदूषण के कारण जिस परेशानी में है, उसके लिए आप जिम्मेदार हैं। ऐसी मशीनें हैं जो हवा की गुणवत्ता रिकार्ड करती है। मशीनें अधिकतम 999 रिकार्ड कर सकती है। आज, हम इसे छू रहे हैं.. यह अधिकारियों के बीच संवेदनशीलता की कमी है। उन्होंने यह टिप्पणी पेड़ों की कटाई को लेकर दाखिल अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए की।




**पांच सालों में सबसे प्रदूषित शहर दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में आज भी धुंध छायी हुई है। रेस्पाइरर की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली बीते पांच सालों में सबसे प्रदूषित शहर रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, शुक्रवार सुबह आठ बजे तक दिल्ली के मुंडका इलाके का औसत एक्यूआई 500, आईटीओ में 451, नजफगढ़ में 472, आईजीआई एयरपोर्ट में 500, नरेला में 500 दर्ज किया गया।

**दिल्ली में ग्रैप का तीसरा चरण लागू**


वहीं नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 400 पर %बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। सेक्टर-62 में 483, सेक्टर-1 में 413 और सेक्टर-116 में 415 पर गंभीर श्रेणी में एक्यूआई रहा। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण में वृद्धि के बीच वायु गुणवत्ता पैनल ने गुरुवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का निर्देश दिया है। जिसमें गैर-जरूरी निर्माण और तोड़-फोड़ के काम पर रोक शामिल है। सीएक्यूएम की मीटिंग के बाद राजधानी में ग्रैप-3 को लागू करने का फैसला लिया गया।

# ईडी के दावे पर सीएम बघेल की सफाई, बोले- हम लड़ेंगे और जीतेंगे

# चुनाव से पहले छवि खराब करने की कोशिशः सीएम बघेल

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल विधानसभा चुनाव के दौरान बड़े संकट में फंस गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दावा किया कि महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के प्रमोटरों ने सीएम बघेल को 508 करोड़ रुपये दिए हैं। ईडी ने कहा कि 5.39 करोड़ रुपये के साथ गिरफ्तार किए गए असीम दास ने पूछताछ में सीएम को पैसा दिए जाने की बात कही है। एजेंसी ने यह भी कहा है कि सीएम के खिलाफ जो भी आरोप लगे हैं वे जांच का विषय हैं। ईडी ने बृहस्पतिवार को रायपुर में एजेंट असीम दास को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 5.39 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे। दावा है कि यह रकम दुबई से चुनावी राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के लिए भेजी गई थी। ईडी महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच कर रही है। ईडी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि असीम दास ने स्वीकार किया है कि जब्त की गई रकम को महादेव एप के प्रमोटरों की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य में आगामी चुनाव खर्चों के लिए एक राजनेता %बघेल% तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई थी। असीम दास से पूछताछ और उसके पास से बरामद फोन की फॉरेंसिक जांच और शुबम सोनी (महादेव नेटवर्क के आरोपियों में से एक) की ओर से भेजे गए ईमेल की जांच से कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इसके मुताबिक, महादेव एप के प्रमोटरों की तरफ से अतीत में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नियमित भुगतान किया गया है और अब तक कुल 508 करोड़ रुपये दिए गए हैं।



**ईडी के दावे पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान**

प्रवर्तन निदेशालय के दावे पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैंने पहले कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ईडी, आईटी, डीआरआई और सीबीआई जैसी एजेंसियों की मदद से छत्तीसगढ़ चुनाव लड़ना चाहती है। चुनाव से ठीक पहले छवि को धूमिल करने का प्रयास है। कांग्रेस सरकार को बदनाम करने की कोशिश है। एक अज्ञात व्यक्ति के बयान के आधार पर मुझ पर 508 करोड़ रुपये लेने का आरोप लगाया है। ईडी और आईटी जैसी एजेंसियों से लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ की जनता हमारे साथ है। हम लड़ेंगे और जीतेंगे।

**बघेल ने एजेंसियों के दुरुपयोग का लगाया था आरोप**

बघेल ने पहले आरोप लगाया था कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां विपक्षी दलों और उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होना है।

**सिंहदेव ने कहा- एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है**

वहीं छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। चुनाव के दौरान छापेमारी होती रहती है। रमन सिंह पर कार्रवाई होनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने इसे सिलेक्टिव कार्रवाई करार दिया है।

**रकम भेजने की मिली थी खुफिया जानकारी**

ईडी ने कहा कि उसे खुफिया जानकारी मिली थी कि महादेव एप के प्रमोटरों की तरफ से छत्तीसगढ़ में मोटी रकम भेजी गई है। इसके बाद उसने जाल बिछाकर दास को गिरफ्तार किया और उक्त धनराशि बरामद की। दास ने होटल ट्राइटन में खड़ी एसयूवी और भिलाई में एक स्थान पर रकम छिपाकर रखी थी। एजेंसी ने यह भी कहा कि उसने महादेव एप के कुछ बेनामी बैंक खातों का भी पता लगाया है जिनमें 15.59 करोड़ रुपये जमा हैं। जमा धनराशि को पीएमएलए के तहत जब्त कर लिया गया है।

**महादेव एप से जमा धन नेताओं में बांटे गए**

ईडी ने पहले कहा था कि महादेव एप के जरिये एकत्र धनराशि रिश्वत के रूप में छत्तीसगढ़ में नेताओं और नौकरशाहों के बीच बांटी गई थी। एजेंसी ने कई मशहूर हस्तियों और बॉलीवुड अभिनेताओं को भी भुगतान के तरीके और ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के साथ उनके संबंधों पर पूछताछ के लिए बुलाया था।

**ईडी के दावे पर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को घेरा**

ईडी के बयान पर कांग्रेस ने बयान जारी किया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार की वजह से उनके नेताओं की छवि को खराब किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के पास ईडी एक अंतिम हथियार है। जिसका वह इस्तेमाल कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ईडी के दावे पर प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि फॉरेंसिक विश्लेषण और कैश कूरियर के द्वारा दिया गया बयान बहुत ही चौंकाने वाला है। जिसमें कहा गया है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

**दिल्ली दरबार पैसे पहुंचा रहे थे बघेल- शाह**

इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीएम भूपेश बघेल को प्रीपेड सीएम बताया। उन्होंने राज्य की एक चुनावी रैली में कहा कि बघेल ने छत्तीसगढ़ की जनता के पैसे को दिल्ली दरबार में पहुंचाने का काम किया। छत्तीसगढ़ के खजाने पर अधिकार दलित, आदिवासी और पिछड़ों का है लेकिन बघेल ने छत्तीसगढ़ के खजाने को एटीएम बनाकर दिल्ली में भाई-बहन के चरणों में चढ़ाया है।

# एस आर ग्रुप का उड़ान कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न

संवाददाता







- मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य सहित तमाम मंत्री रहे मौजूद
- छात्रों के लिए विशिष्ट शैक्षिक व्यवस्था एवं संस्थान में उच्च कोटि के संसाधन बहुत ही कम मूल्य पर प्रदान किये जा रहे है जो की राष्ट्र सेवा के समतुल्य ही है- ब्रजेश पाठक
- लखनऊ के ग्रामीण अंचल में होकर भी एस आर के प्रबंधको एवं कर्मचारियों के परिश्रम से दिव्य संस्थान बनाया गया है-केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की संस्था एस आर ग्लोबल स्कूल में आज÷ उड़ान 2023÷ वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,मंत्री पर्यटन जयवीर सिंह, मंत्री मनकेश्वर शरण सिंह(संसदीय कार्यमंत्री) , राज्यमंत्री रजनी तिवारी (उच्च शिक्षा), माननीय मंत्री अनूप प्रधान( राजस्व), माननीय मंत्री सतीश शर्मा (खाद्य एवं रसद) मंत्री जसवंत सिंह सैनी (औद्योगिक विकास), मंत्री सूर्य प्रकाश शाही (कृषि) मंत्री दानिश राजा अंसारी (अल्पसंख्यक कल्याण), मंत्री संदीप कुमार सिंह (बेसिक शिक्षा) माननीय मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप (पिछड़ा वर्ग कल्याण), केंद्रीय मंत्री आवास एवम शहरी विकास कौशल किशोर ,धर्म पाल सिंह महामंत्री संगठन भाजपा उत्तर प्रदेश, मंत्री कारागार सुरेश राही,युवा नेता नीरज सिंह,सभापति मानवेन्द्रसिंह, महंत राजू दास हनुमानगढ़ी, इंजी अवनीश सिंह एमएलसी, विधायक नीरज बोरा ,विधायक योगेश शुक्ला,पत्रकार अजीज सिद्दीकी,अब्दुल वहीद,जुबैर अहमद,परवेज अख्तर,एन आलम,शबाब नूर, मो शादाब,जमील मालिक,जावेद बेग, मो इकराम आदि उपस्थित थे।इस कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर की गई।जिसमें माननीय एमएलसी सहित सभी अतिथि गण ने दीप प्रज्वलित किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने नाट्य नाटिका ,संगीत वादन एवं नाटक मंचन ,नृत्य कर सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया, एसआर ग्लोबल स्कूल और एस आर इंटरनेशन स्कूल एंड स्पोर्ट्स एकेडमी, प्राइमरी से लेकर उच्च माध्यमिक तक की शिक्षा सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड से प्रदान करता है जिसके छात्र हर वर्ष शिक्षा में नई कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि छात्रों के लिए विशिष्ट शैक्षिक व्यवस्था एवं संस्थान में उच्च कोटि के संसाधन बहुत ही कम मूल्य पर प्रदान किये जा रहे है जो की राष्ट्र सेवा के समतुल्य ही है।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने कहा की लखनऊ के ग्रामीण अंचल में होकर भी एस आर के प्रबंधको एवं कर्मचारियों के परिश्रम से दिव्य संस्थान बनाया गया है पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि संस्थान के कर्मठ मुखिया के संस्कार हर कर्मचारी में दिखाई पड़ते है।एस आर ग्रुप के चेयरमैन पवन सिंह चौहान एमएलसी ने कहा की छात्र के भविष्य का सृजन गुरु के द्वारा होता हैं जो राष्ट्र सेवा के समान है। गुरु के संस्कार परिवार, फिर समाज,और देश निर्माण जैसे ही है। सभी आये हुऐ अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी कीअध्यक्षता में हुई संपन्न

# निराश्रित गोवंश को संरक्षित करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा : जिलाधिकारी

द अचीवर टाइम्स फसाद खान




**शाहजहांपुर ।** नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डीएम उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि गोसंरक्षण हेतु सभी जिम्मेदार अधिकारी मिलकर टीम भावना के साथ कार्य करें। इस कार्य में सभी विभागों का तालमेल बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अभी तक जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष 130प्रतिशत गोवंश को संरक्षित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हर प्रधान, 10 गोवंश अभियान बेहद सफल रहा है। इस अभियान के तहत जनपद में 4700 गोवंश संरक्षित किए जा चुके हैं। अब आगे इसी तरह के विशेष अभियान चला कर गोवंश को संरक्षित किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपना काम जिम्मेदारी तथा सद्भाव के साथ करें। उन्होंने बताया कि जनपद में निर्मित कई गौशालाएं अपनी पूर्ण क्षमता तक भरी नहीं है, सभी सम्बंधित अधिकारी युद्ध स्तर पर निराश्रित गोवंशो को इनमे संरक्षित करने का कार्य करें। डीएम ने सभी ब्लॉकों में कैटल कैचर की उपलब्धता के विषय में भी जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि कैटल कैचर प्रत्येक ब्लॉक में उपलब्ध है। संरक्षित किए गए पशुओं के विषय में प्रतिदिन रिपोर्ट देने के लिए भी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, सी वी ओ डॉ मनोज कुमार अग्रवाल, समस्त तहसीलों के उप जिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एक नज़र

## क्षेत्र पंचायत सदस्य ने पानी की समस्या से ग्रामीणों को दी खुशियाँ

द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत



**उन्नाव।** उन्नाव विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र के परियर में इंडिया मार्का हैंड पाइप कई महीनों से खराब पड़े थे जिससे नागरिकों को पानी के लिए काफी समस्याओं से सामना करना पड़ रहा था परेशान ग्रामीणों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य रागनी अवस्थी को लिखित शिकायती पत्र देकर हैंड पंप सही करवाने की मांग की थी शिकायत पर क्षेत्र पंचायत सदस्य ने तुरंत अपने निजी संसाधनों से इंडिया मार्का हैंडपाइपो की मरम्मत कर एक सराहनीय पहल की गई जिसके तहत परियर के वार्ड सख्या 6 में लगे सरकारी इंडिया मार्का हैंडपंप लगभग तीन महीने से खराब पड़ा था वार्ड में रहने वाले कई घरों कों पानी के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था रागनी अवस्थी ने तत्काल प्रभाव से इंडिया मार्का हैंडपंप अपने निजी संसाधनों द्वारा सही करवाया।

## घरेलू सामान लेने गए युवक की मोटरसाइकिल लेकर चोर हुए रफूचक्कर

द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा



**मलिहाबाद ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में दिन दहाड़े चोरों ने एक दुकान पर घरेलू सामान लेने गए युवक की मोटर साईकिल चुराकर रफू चक्कर हो गए। वाहन मालिक ने पुलिस को बाइक चोरी होने की तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी संतोष वाहन मालिक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी हीरो सीडी डीलक्स मोटर साईकिल यूपी 32 एफबी 3830 को बीते बुधवार को मलिहाबाद थाना क्षेत्र के काजी खेड़ा मजरा सेंधरवा निवासी उसके मामा का लड़का राम नरेश पुत्र मंगलू मांगकर ले गया था। वह सेंधरवां गांव बाइक से कुछ घरेलू सामान लेने गया था। राम नरेश सड़क पर बाइक खड़ी करके दुकान पर समान लेने लगा। सामान लेकर वह लौटा तो बाइक वहां पर नही मिली तो उसने आसपास के लोगो से जानकारी की लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चला। तब उसे बाइक चोरी होने का अहसास हुआ। राम नरेश ने बाइक चोरी हो जाने की सूचना अपनी बुआ के लड़के संतोष को दी। सूचना पाकर संतोष ने मलिहाबाद पहुंचकर पुलिस को बाइक चोरी हो जाने की तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर शुरू कर दी है।

## संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर निगम कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण



**द अचीवर टाइम्स, शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 03-11-2023 को प्रातः कालीन नगर निगम कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर क्षेत्र से कंट्रोल रूम नंबर- 1533, 05842-225437, मोबाइल नंबर- 7355003882 प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति को देखा गया। निर्देशित किया गया कि नगर क्षेत्र से जनमानस द्वारा प्राप्त होने वाली शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही कर प्राप्त शिकायत का निस्तारण कराये। इस मौके पर शासन द्वारा नगर में सफाई के सम्बंध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से की जा रही लाइव मोनिटरिंग में प्रतिभाग किया गया।

## थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत हबीबपुर के पास किसान पथ के सर्विस लेन पर मिले व्यक्ति को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित करने एवं उसकी हत्या में संलिप्त 4 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा की जा रही विधिक कार्यवाही

द अचीवर टाइम्स अनुराग मल्होत्रा

**बाराबंकी ।** गुरुवार की रात्रि को थाना कुर्सी क्षेत्रान्तर्गत हबीबपुर के पास किसान पथ की सर्विस लेन के पास कार में एक व्यक्ति के घायल अवस्था में होने की सूचना मिलने पर थाना कुर्सी पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के पास से प्राप्त पहचान पत्र के आधार पर उसकी पहचान अतुल पाण्डेय पुत्र कपिल देव पाण्डेय उम्र 38 वर्ष निवासी ह्-2/669C, C.M.S. कालेज, सेक्टर-ह् अलीगंज जनपद लखनऊ के रूप में हुई है। फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वाड व सर्विलांस सेल द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य संकलन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। मृतक के पिता के द्वारा 4 संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध हत्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया जिसके आधार पर थाना कुर्सी पर मु0अ0सं0 309/2023 धारा 302 भादवि0 पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों की गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा चारो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## खेत में पुरानी तलवारे मिलने से हड़कंप



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लालगंज रायबरेली।** 1857 की क्रांति के नायक रहे वीरा पासी के रण क्षेत्र भीरा गोविंदपुर पुरानी तलवारें, बंदूक की नाल और भरतल बंदूकों में बारूद भरने वाली गजहि बरामद हुई है। खेतों के समतलीकरण के दौरान यह सभी औजार बरामद हुए हैं। मामला लालगंज थाना इलाके के तहत डलमऊ तहसील का है। यहां नरपतगंज चौकी के पास भीरा गोविंदपुर ग्राम सभा में रामप्रसाद नाम के किसान अपने खेत का समतलीकरण करा रहे थे। उसी दौरान खेत से पुरानी जंग लगी तलवारों और अन्य औजार के मिलने का सिलसिला शुरू हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन तलवारों और अन्य औजार के अवशेषों को कब्जे में ले लिया। उधर इतिहास में प्रसिद्ध इलाके से खुदाई के दौरान पुरानी तलवारें आदि मिलने का मामला जंगल में आग की तरह सब तरफ फैल गया द्य वीरा पासी 1857 की क्रांति के नायक थे।जिले के लोधवारी गांव में जन्में गरीब परिवार से संबंध रखने वाले वीरा पासी भीरा गोविंदपुर में अपनी बहन के ससुराल में रहते थे। यहीं से वोह राणा बेनीमाधव सिंह के अंगरक्षक बने और बाद में शंकरपुर स्टेट की सेना के सेनापति बन गए। 1857 की क्रांति में वह अंग्रेजों से लोहा लेते हुए आठ गोरे सैनिकों को मौत की नींद सुलाने के बाद खुद भी शहीद हो गए थे।

# प्रत्येक विद्यालय में विद्यालय सुरक्षा समिति का गठन अनिवार्य : जिलाधिकारी

द अचीवर टाइम्स फसाद खान




**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक / संचालकों के साथ परिवहन सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई कोई भी वाहन बिना अनुबंध के ना चले। जो वाहन बिना अनुबंध के बच्चों को लाने ले जाने का कार्य कर रहे हैं एक हफ्ते के भीतर उनका अनुबंध कराना सुनिश्चित करें। बड़े वाहनों के ड्राइवरो का पुलिस वेरिफिकेशन भी कराना सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि स्कूली वाहनों की फिटनेस भी समय-समय पर चेक करते रहें। सुरक्षा से संबंधित कोई भी मानक ना पूरा होने पर विद्यालय की जिम्मेदारी तय करते हुए उन पर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही की जाएगी जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्कूली परिवहन की सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूरा करने हेतु विद्यालय प्रबंधन की मदद के लिए एक हेल्प डेस्क बनाने के निर्देश दिए एवं इस हेतु सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि जो ई-रिक्शा स्कूली बच्चों को ले जाने का कार्य करते हैं उनमें जाली लगी होना अनिवार्य है। यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी ई-रिक्शा हाईवे पर ना चले। उन्होंने बैठक में उपस्थित विद्यालयों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे स्वयं भी अनुशासन बनाकर रखें तथा एक सुरक्षित व्यवस्था बनाने में प्रशासन की मदद करें। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे, ए आर टी ओ शांति भूषण पांडे, सी ओ ट्रैफिक, डी आई ओ एस हरिवंश सिंह, बीएसए रणवीर सिंह एवं अन्य अधिकारी तथा शहर के मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सड़क का निर्माण को मानक के अनुरूप न बनाने से नाराज ग्रामीण

**जन समस्या**

- सड़क का निर्माण को मानक के अनुरूप न बनाने पर ग्रामीण सड़क पर उतरे।

द अचीवर टाइम्स निखिल मिश्रा



**मलिहाबाद ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में भतोइया से गौदा मुआज्जम नगर जाने वाली सड़क का निर्माण को मानक के अनुरूप न बनाने से नाराज ग्रामीण सड़क पर उतर आए और शिकायती पत्र देकर उप जिलाधिकारी से जांच करने की गुहार लगाई है। मलिहाबाद विकासखंड के अंतर्गत गौंदा मोअज्जम नगर से लखनऊ हरदोई राजमार्ग को जोड़ने वाली डामर युक्त सड़क का निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया।सड़क निर्माण कार्य गुरुवार से शुरू हुआ और शुक्रवार को ही सड़क उधड़ने लगी। सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और बनाने का तरीका इतना घटिया है कि ठेकेदार गिट्टी में काला रंग मिलाकर ही बिछा दिया है।अभी यह सड़क मात्र 200 मीटर ही बनी थी इसकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि ग्रामीण हाथ से ही सड़क को उखाड़ कर दिखा रहे हैं।यही नहीं सड़क उखड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी प्रचारित है।आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान सुशील कुमार के नेतृत्व में एक राय होकर धीरेंद्र गौतम,धर्मवीर,वीरेंद्र,होरीलाल सहित दर्जनों ग्रामीण उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय मिलकर घटिया सड़क के निर्माण कार्य को रूकवाये जाने की मांग की है।

## राम नाम लेने से मिटते हैं क्लेशट्ठ शास्त्री उमा शंकर

द अचीवर टाइम्स आशीष सिंह

**हसनगंज उन्नाव ।** मौलाबाकीपुर के ठाकुर द्वारा में शास्त्री उमा शंकर के द्वारा किया गया श्रीमद्भागवत पुराण कथा का आयोजन जिसमें राम कैकेई सवांद पर छलके भक्तो आंखों से आंसू नयन उमाशंकर ने बताया की आज हमको मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने जो बलिदान दिया वो बलिदान सदैव दुनिया याद रखेगी और बताया की अभी तीन दिवस ही हुऐ हैं अभी मनमोहन जी के दरबार मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जायेंगी उन्होंने ने बताया की आठ नवम्बर तक झांकिया निकाली जायेंगी जिसमे सहयोगी ढोलक पर लाल बहादुर ऊर्फ लालिया व झिका पर बबलू हरमुनिया पर सुर्जपाल भगवंत खेड़ा ने अपनी कला से श्रीमद भागवत कथा सुनने आये भक्तो का मन मोहित कर लिया।

## 1 किलो 150 ग्राम गांजे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार




द अचीवर टाइमस - महेन्द्र कुमार

**हसनगंज (उन्नाव)।** कोतवाली हसनगंज पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकार हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को 1 किलो 150 ग्राम गंज बरामदकर गिरफ्तार किया गया उप निरीक्षक श्री कुशाल प्रसाद व उप निरीक्षक श्री प्रभात मिश्रा मय हमराह फोर्स द्वारा अभियुक्त राज्यपाल पुत्र रामनारायण निवासी ग्राम बानडाखेड़ा गहरु थाना काकोरी जनपद लखनऊ उम्र करीब 27 वर्ष के कब्जे से 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर ग्राम बाराती खेड़ा से गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0आ0 संख्या0 343/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

## डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्याल में टेबलेट वितरण का कार्यक्रम आयोजन किया गया



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**रायबरेली।** लालगंज रायबरेली डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय कॉलेज ग्रुप ऑफ कॉलेज शांति नगर लाल मऊ खजूर गांव रायबरेली में टेबलेट वितरण का कार्यक्रम आयोजनरखा गया। जिसमें छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया उत्तर प्रदेश द्वारा छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टेबलेट वितरण का कार्यक्रम रखा गया जिसका शुभारंभ प्राचार्य रेखा सिंह द्वारा छात्रों को टेबलेट वितरण किया गया छात्राओं को टैबलेट मिलने पर बहुत ही खुशी का माहौल रहा छात्राओं को टैबलेट के सदुपयोग के बारे में भी बताया गया कार्यक्रम में संजय सिंह राकेश सिंह संदीप सिंह बृजेश कुमार का सहयोग रहा।

# बच्चों ने रंग बिरंगे स्कॉर्फ पहनकर अपने हाउस के खेल-खेल में सीखें पढ़ाई

## विभिन्न हाउस के बच्चों ने किए निपुण नवाचार

द अचीवर टाइम्स ङ्क निखिल मिश्रा




**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ में प्राथमिक विद्यालय अलीनगर खुर्द सरोजिनी नगर लखनऊ के बच्चों ने रंग बिरंगे स्कॉर्फ पहनकर अपने हाउस के खेल-खेल में सीखें पढ़ाई के नए गुण।लाल गुलाबी और नीले रंग के स्कार्फ पहनकर खिलखिलाते बच्चे गीत, कविता और ज्ञान विज्ञान की पहेलियां तथा अन्य गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाई को खेल-खेल में सीख रहे हैं। निश्चित रूप से यह एक अनोखी पहल है जिसमें बच्चे कक्षा कक्षा के बाहर भी रोचकता पूर्ण वातावरण में अपने-अपने हाउस और अपने ग्रुप में रहने की कला तथा एक दूसरे से सामंजस स्थापित करने की कला सीख रहे हैं और रंगों के महत्व के बारे में भी जानते हैं। शिक्षिका रीना त्रिपाठी ने बच्चों को रंगों के महत्व के बारे में बताया खेल की गतिविधियों के माध्यम से आसान तरीके से रंगों के महत्व को समझा जा सकता है ।लाल रंग के स्कार्फ पहने हुए बच्चे मंगल और पराक्रम का प्रतीक बने है ।लाल रंग हमारे शरीर को स्वस्थ और मन को प्रसन्न बनाने वाला होता है। ये लाल रंग खुशी, सम्पन्नता का प्रतीक होता है और धन, अपार सम्पदा और समृद्धि को प्रकट करने वाला भी होता है। रेड हाउस के कप्तान ने अपने सभी बच्चों को यह पाठ दोहराने को कहा।नीला रंग आसमान और समुद्र का रंग नीला होता है जो हमारे मन को बहुत पसंद आता है। मनोविज्ञान के अनुसार नीला रंग बल, पौरुष और वीर भाव का प्रतीक होता है।गुलाबी रंग युद्ध और शौर्य का प्रतीक माना जाता था इसलिए यह रंग पुरुषों के लिए जाना जाता था। बच्चों को तीन रंगों में विभाजित कर अन्य रंगों के महत्व को भी बताया गया और इन रंगों का प्रयोग भी समझाया गया। प्रधान अध्यापिका अभाव रानी शुक्ला ने सभी हाउस के अपने-अपने कप्तान और उप कप्तान बनाए। वही शिक्षिका नसीम शहर में निपुण लक्ष्य प्राप्त किए हुए बच्चों को एक अक्षर से कई शब्द बने विभिन्न प्रकार की सब्जियों फलों रंगो इत्यादि का खेल खेल में बच्चों को ज्ञान कराया।

## परियर में अवैध रूप से चल रहे कई नर्सिंग होमों पर लगा ताला




द अचीवर टाइम्स मुकेश राजपूत

**उन्नाव।** उन्नाव सदर तहसील क्षेत्र के परियर में मानको को ताक पर रखकर अवैध रूप से संचालित हो रहे नर्सिंगहोमों पर नोडल अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया और कई संचालक तो आनन फानन ताला लगाकर रफूचक्कर हो गए कई अस्पताल संचालकों से जब पंजीकरण दिखाने को कहा गया तो वो टालमटोल कर इधर उधर झांकने लगे नाराज होकर अधिकारी ने तत्काल अस्पताल बंद कराने के आदेश दे दिए। वही बलखंडेस्वर मंदिर के बगल में अवैध रूप से संचालित अनंत हास्पिटल में पहुंचे वहां मौजूद डॉक्टर से पंजीकरण दिखाने को कहा तो फोन पर बात करने को कहा गया अधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि बात नहीं पंजीकरण दिखाए जब नहीं दिख पाए तो अस्पताल में तत्काल ताला लगवा दिया गया। वहीं अवैध रूप से संचालित चंद्रा हास्पिटल पहुंचे तो वहां एक मरीज भर्ती था जिसको दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया और तुरंत बंद करने के निर्देश दिए वहा पर न कोई डॉक्टर मिला और न ही कोई जिम्मेदार व्यक्ति। इस संबंध में नोएडल अधिकारी नर्सिंग होम डाक्टर नरेंद्र देव ने बताया कि जो भी अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित हो रहे थे उसको बंद करा दिया गया है और अनंत हास्पिटल परियर में ताला लगा दिया गया है।

# हाजी वारिस अली शाह के आस्ताना-ए-आलिया पर तारीख़ी क़दीमी तरही मुशायरा आयोजित

**द अचीवर टाइम्स अनुराग मल्होत्रा**



❖ सितम की आग में जलते हैं बेसाख़्ता मज़लूम, दुआ है रब से फ़लस्तीन में अमां हो जाए।

**देवा,बाराबंकी।** हाजी वारिस अली शाह के आस्ताना-ए-आलिया पर पूरे हिन्दोस्तान से जायरीन अपनी अक़ीदत और मोहब्बत का नज़राना पेश करने आते हैं। हिन्दी माह कार्तिक में लगने वाले देवा मेला में मशहूर सूफी हज़रत हाजी वारिस अली शाह रह0 के आस्ताना-ए-आलिया समाखाने में क़दीम रिवायत के मुताबिक़ तारीख़ी तरही मुशायरा बुज़ुर्ग उस्ताद शायर नसीर अंसारी अध्यक्षता और हुज़ेल लालपूरी के संचालन में मिसरे-तरेह- ख़ुदा करे की जबीं वक़्फ़-आस्तां हो जाए, पर आयोजित हुआ। मुशायरे से पूर्व कुलशरीफ की रस्म अदा की गई तत्पश्चात मौलाना अफ़क़र मोहानी द्वारा रचित सलाम अक़ील ज़िया ने प्रस्तुत किया। ऑल इण्डिया अंजुमन वारसी के जनरल सेक्रेटरी सगीर नूरी ने मुशायरे की तारीख़ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1926 ई0 में बेदम शाह वारसी ने इस तरही मुशायरे की नींव रखी थी। इसके बाद इस तरही मुशायरे का आयोजन मौलाना अफ़क़र मोहानी करते रहे, इनके इंतेक़ाल के बाद रहबर ताबानी ने इस मुशायरे की ज़िम्मेदारी संभालते रहे जो इसी वर्ष इस दुनिया-ए-फानी से रुखसत हो गये। हाजी वारिस अली शाह रह0 के आस्ताना-ए-आलिया पर आयोजित इस तरही मुशायरे में शिरकत करने वाले मशहूर मकामी व बैरूनी शायरों ने नात, मनकबत व सूफियाना कलाम एवं अशआर प्रस्तुत कर श्रोताओं का दिल जीतकर खूब दाद व तहसीन प्राप्त की। नसीर अंसारी ने पढ़ा- समझलो मिल गई उस खुश नसीब को मंज़िल, जो राहे-इश्क में बेनामो-निशां हो जाए। शकील गयावी ने पढ़ा- तेरी निगाह की खुशबू जो इक ज़रा छूले, नसीमे-सुबहे-चमन और भी जवां हो जाए। सगीर नूरी ने पढ़ा- कहो कि दिल पे लगाए वो ज़रबे-इल्लल्लाह, किसी की ख्वाहिशे-दुनिया अगर जवां हो जाए। मुजीब सिद्दीकी करनेलगंजवी ने पढ़ा- जो उसके फ़ज़्ल से हो जाए मारिफ़त अपनी, जो एक क़तरा है वो बहरे-बेकरा हो जाए। अहमद सईद हर्फ़ ने पढ़ा- ज़रूर हौसले बातिल के टूट जाएँगे, शिकस्ता अज़्म हमारा अगर जवां हो जाए। साजिद रईस ने पढ़ा- हर एक सजदा की बस एक ही तमन्ना है, मेरी जबीं पे तेरा नक़्शे आस्तां हो जाए। सलमान फतेहपुरी ने पढ़ा- सितम की आग में जलते हैं बेख़ता मज़लूम, दुआ है रब से फ़लस्तीन में अमां हो जाए। इसके अलावा हुज़ेल लालपूरी, बशारत लखनवी, मौलाना सलमान अतहर, क़मर सितापूरी, सलीम अख़्तर पैंतेपूरी, डॉ0 फ़राज़ वारसी, मेहशर दरियाबादी, आरिफ शहाबपूरी, आदर्श बारहबंकवी, आरज़ू अशरफ सुल्तानपूरी, शब्बीर दरियाबादी, सरवर किन्तूरी, सबा वारसी, मुखतार फारूकी, कमाल अदीब, नजमी लखनवी, सबा जहाँगीराबादी, तालिब आलापूरी, हस्सान साहिर फतेहपूरी, अक़दस वारसी, सलीम हमदम, इक़रार सुलतानपूरी, नूरऐन, बशर मसौलवी, अक्स वारसी, अदील मंसूरी आदि ने भी अपना तरही कलाम प्रस्तुत किया। अंत में ऑल इण्डिया अंजुमन वारसी के जनरल सेक्रेटरी सग़ीर नूरी ने सभी शायरों और श्रोताओं के धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डिप्थीरिया से बचाव के लिए जनपद में चल रहा विशेष टीकाकरण अभियान

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**



**हरदोई।** डिप्थीरिया (गलघोंटू) की रोकथाम व बचाव के लिए स्कूल जाने वाले बच्चों को डिप्थीरिया-पर्ट्यूसिस-टिटनेस (डीपीटी) व टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाने का विशेष टीकाकरण अभियान बुधवार से शुरू हुआ जो कि 10 नवंबर तक चलेगा । स्कूल आधारित यह विशेष टीकाकरण अभियान जनपद के सभी सरकारी व निजी क्षेत्र के स्कूलों में चलाया जा रहा है । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने बताया कि इस संबंध में शासन द्वारा आवश्यक निर्देश जारी हुए हैं । यह अभियान शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग मिलकर चला रहे हैं । टीकाकरण के लिए अभिभावकों से सहमति ली जाएगी। जो अभिभावक सहमति नहीं देंगे उन्हें प्रेरित कर उनके बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा । विशेष टीकाकरण अभियान में डीपीटी के टीकाकरण के लिए 19,168 बच्चों तथा टीडी के लिए कुल 30,338 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य है। टीकाकरण के लिए विद्यालयों में कुल 2970 विशेष सत्र लगाए जाएंगे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. आर.केसिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत कक्षा एक में अध्ययनरत पाँच वर्ष तक के बच्चों को डीपीटी सेकेंड बूस्टर डोज, कक्षा पाँच में अध्ययनरत 10 वर्ष तक के बच्चों को टीडी प्रथम डोज़, कक्षा 10 में अध्ययनरत 16 वर्ष तक के बच्चों को टीडी बूस्टर डोज़ से आच्छादित किया जाएगा। अभियान के दौरान पड़ने वाले नियमित टीकाकरण दिवसों (बुधवार व शनिवार) में सभी स्कूल न जाने वाले एवं अन्य डीपीटी सेकेंड बूस्टर, टीडी प्रथम एवं टीडी बूस्टर डोज़ वैक्सीन से छूटे हुये बच्चों को ड्यू टीके से आच्छादित किया जायेगा। हर टीकाकरण सत्र पर एडवर्स ईफ़ेक्ट फॉलोइंग इम्यूनाइजेशन (एईएफ़आई) प्रबंधन के लिए आवश्यक दवाओं की किट की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है । डिप्थीरिया जिसे स्थानीय भाषा में रोहिणी बीमारी भी कहते हैं यह दो से 11 वर्ष आयु के बच्चों में सामान्यतः अधिक होती है। हालांकि यह अन्य लोगों को भी हो सकती है। इसका इनक्यूबेशन पीरियड दो से चार दिन होता है। इससे संक्रमित व्यक्ति को गले व नाक में मोटी व मटमैले रंग की परत छा जाती है। इससे सांस लेने में तकलीफ होती है। साथ ही खराश, बुखार, ठंड लगना व लसिका ग्रन्थि में सूजन और कमजोरी महसूस होती है। बीमारी बढ़ने पर यह गले में टांसिल के रूप दिखाई देती है।

## एक नज़र

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय पोर्टल पर सूचनाएं ससमय फीड की जाएं। सीएम डैशबोर्ड की ग्रेडिंग पर नजर रखें। उन्होंने मंडी सचिव की अनुपस्थिति और विभाग की खराब प्रगति पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण किया जाए। पशुपालन विभाग को आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हरगांव उप स्वास्थ्य केंद्र का हाल बेहालट्ट

**द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी**



**हरगांव सीतापुर।** विकास खंड हरगांव के ग्राम पंचायत नेवादा में आमजन को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराए जाने के लिए स्थापित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। शासन ने ग्रामीण महिलाओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र बनवाया था।लगभग पांच वर्ष से विभागीय उपेक्षा के चलते अस्पताल पूरी तरह से जर्जर बना है। उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का दरवाजा खिड़की तथा दीवाल टूट कर गायब हो गए हैं और उसमें कूड़ा कबाड़ भरा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल जर्जर हालत में होने से इसमें स्वास्थ्य कर्मी भी नहीं बैठते। एक दूसरे के घर पर बैठकर पोलियो तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी टीकाकरण कर चले जाते हैं। जिससे पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो रही हैं।अशोक पांडेय व अमित कुमार मिश्रा सुभान्शू मिश्रा का कहना है कि सबसे बड़ी समस्या गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के लिए है जिन्हें समय से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 16 किलोमीटर दूर होने से गर्भवती महिलाओं का आकस्मिक स्वास्थ्य परीक्षण कराना मुश्किल पड़ रहा है।सीएचसी दूर होने से ग्रामीणों को तत्काल सुविधा नहीं मिल पा रही है।इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ नितेश कुमार वर्मा ने बताया नए भवन के निर्माण के शासन को लिखित रूप से भेजा गया है।शासन द्वारा बजट स्वीकृत होने पर नव निर्माण कराया जाएगा।

### पुलिस ने पकड़ी शीशम भरी ट्रॉली, उप निरीक्षक बोले थाने आकर लो जानकारी खबर छपने के लिए जारी होगी

**द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी**



**हरगांव सीतापुर।** बुधवार देर रात हरगांव थाना क्षेत्र के जरथुआ गांव मे बिना परमिट दो शीशम के पेड़ लकड़ी ठेकेदारों ने काट दिए।हरगांव पुलिस को सूत्रों से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शीशम की लकड़ी से भरी ट्रॉली ट्रैक्टर को अपने कब्जे मे लेकर हरगांव थाना ले आयी।रात भर लकड़ी ठेकेदारों द्वारा पुलिस तथा वन विभाग को मैनेज करने का दौर चलता रहा लेकिन मीडिया के हस्तक्षेप होने से बात नही बन पायी। इस सम्बंध मे क्षेत्रीय वन अधिकारी बीनू पाल ने बताया कि पेड़ राजस्व विभाग के लग रहे है ।संबंधित लेखपाल से जांच करवाकर मुकद्मा पंजीकृत कराया जायेगा।वहीं इस मामले में जब उपनिरीक्षक पवन मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कुछ लोगों को थाने मे बैठाया गया है ।नाम जानने के लिए थाने आकर जानकारी करें।खबर छपने के लिए थाने से प्रेस विज्ञप्ति जारी की जायेगी।

### शाहजहांपुर नवागत प्रभारी निरीक्षक रोजा को चार्ज मिलने पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद संघ जिला अध्यक्ष ने पुलिस सम्मान पत्र एवं फूल माला पहनाकर पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**शाहजहांपुर।** नवागत प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को रोजा थाना इंचार्ज पद की जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद संघ शाहजहांपुर जिला अध्यक्ष फसाद खान ने नवागत प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार थाना रोजा को पुलिस सम्मान पत्र एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया बही जिला अध्यक्ष फसाद खान ने प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार से कहा पत्रकारों को कवरेज करने के दौरान कोई समस्या आती है ,या फिर कोई फर्जी आरोप किसी भी पत्रकार पर लगाता है तो उसकी सबसे पहले मामले की गहराई से जांच की जाए उसके उपरांत आरोप सत्य पाए जाने पर ही कार्र्याबाही की जाए समस्त सम्मानित पत्रकार साथियों की हर संभव मदद करें। बही प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने आश्वासन दिया समस्त सम्मानित पत्रकार साथियों के साथ हूं संभव मदद होगी हर पीड़ित के साथ हूं।

# किसान अधिक से अधिक गन्ना मिल को भेजें और सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य का लाभ उठायें: डीएम



❖ गन्ना बिक्रय करने वाले किसानों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करायें: जिलाधिकारी।

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने साथ डीसीएम श्रीराम चीनी मिल हरियावां के वर्ष 2023-24 पेराई सत्र का शुभारम्भ बैलगाड़ी, टैऊ्रटर-ट्राली तथा ट्रक कांटा तौल का फीता काटकर, बैलों को तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर, संबंधित कृषक को कम्बल, बाल्टी, मिठाई व चेक प्रदान तथा गन्ना मशीन पर नारियल फोड़कर एवं मशीन में गन्ना डाल कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों से कहा कि अपना अधिक से अधिक गन्ना मिल को भेजें और सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य का लाभ उठायें। उन्होने मिल प्रबन्धन से कहा कि मिल में गन्ना लाने वालों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उन्हें पेयजल, छाया, रोशन तथा बैलों की चारे आदि की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करायें और गन्ना बिक्रय करने वाले किसानों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करायें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने मिल परिसर में एक विशाल झण्डा फहराया और सभी के साथ राष्ट्गान गाया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मजिस्टेऊ्ट प्रेरणा गौतम, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सीओ हरियावां शिल्पी, मिल हेड प्रबन्धक श्री त्यागी सहित मिल प्रबन्धक का समस्त स्टाप के साथ भारी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

# जिम्मेदारों की सरपरस्ती में राजेपुर में फल फूल रहा जुए का अड्डा,जनपद ही नहीं गैर जनपद से भी तशरीफ लाते हैं जुआरी

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**




**हरदोई।** हरदोई में कोतवाली शहर इलाके में सांडी रोड पर स्थित राजेपुर गांव में सामूहिक रूप से जुएं का काला कारोबार संचालित किया जा रहा है।जुआ संचालन करने वाले लोग जिम्मेदारों की सरपरस्ती में खुलेआम जुएं का अड्डा संचालित कर रहे हैं यही नहीं आसपास के जनपदों के जुआरी भी यहां तशरीफ ला रहे हैं।प्रत्येक दिन यहां लाखों रुपए का जुआ खेला जाता है दिन हो या रात यहां जुए की मंडी सजी रहती है।तारीफ इस बात की है कि इलाकाई पुलिस को सब पता है लेकिन फिर भी अनजान बनकर मूकदर्शक बनी हुई है।नवागंतुक पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी ने चार्ज संभालते ही जुएं के अड्डों को बंद कराने के निर्देश पुलिस को दिए थे।पुलिस कप्तान के निर्देश पर कोतवाली देहात और कोतवाली शहर पुलिस ने जुएं के अड्डों पर कार्रवाई भी की लेकिन कुछ समय अंतराल के बाद पुलिस कप्तान का आदेश भी बेअसर हो गया और पुलिस की कार्रवाई की रफ्तार धीमी पड़ गई।नतीजतन जुएं के अड्डे फिर संचालित होने लगे इन्हीं में से एक जुएं का अड्डा सांडी रोड स्थित राजेपुर गांव में धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है।राजेपुर गांव में हरदोई शहर का रहने जगत चच्चा नाम से मशहूर शख्स अपने भतीजे और पुराने साथियों के साथ मिलकर जुएं के अड्डे को संचालित कर संगठित अपराध को अंजाम दे रहा है।पूर्व में राजेपुर गांव को इन्हीं जुआ संचालकों ने अड्डे के रूप में विकसित किया था जहां गैर जनपद से जुआरी जुआ खेलने आते थे लेकिन पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी के आते ही जुआरियों पर शिकंजा कसना शुरू हुआ और जुएं के अड्डे बंद कर दिए गए थे लेकिन एक बार फिर जुएं के अड्डे का संचालन फिर से शुरू हुआ है।ऐसे में राजेपुर गांव में सामूहिक रूप से जुएं के अड्डे का फिर से संचालन होना विगत दिनों की गई पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े करता है।लोगों का कहना है कि हाथी के दांत खाने के दूसरे और दिखाने के दूसरे होते हैं।बिल्कुल वैसे ही पुलिस ने छोटे-मोटे जुआरियों पर कार्रवाई तो कर दी लेकिन सालों से सामूहिक रूप से चल रहे जुएं के अड्डे पर कार्रवाई करने से हिचक रही है।इसका कारण निजी लाभ है या कुछ और यह तो पुलिस ही जाने। फिलहाल लोगों में राजेपुर गांव में शुरू हुए जुआ संचालन को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।लोग यह भी कह रहे हैं कि कार्रवाई तो बहाना है दरअसल पुराने दोस्तों को बचाना है ताकि जिले के एसपी को बताया जा सके कि साहब कार्रवाई तो की थी।ऐसे में देखने वाली बात होगी कि क्या पुलिस इस हुए के अड्डे को बंद करा पाएगी या फिर बदस्तूर ऐसे ही जुए का अड्डा संचालित होता रहेगा और पुलिस पूर्व की तरह अनजान बनी रहेगी।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**



**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी द्वारा विकास खण्ड कार्यालय पिहानी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्यालय की साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पायी गयी। उन्होंने एन0आर0एल0एम0 कार्यालय में पत्रावलियों के व्यवस्थित रख-रखाव हेतु सहायक विकास अधिकारी विवेकान्द शुक्ला को निर्देषित किया। परिसम्पत्ति डेड स्टाक रजिस्टर का नियमित सत्यापन न कराने हेतु मो0सलीम पटल सहायक को चेतावनी देते हुए नियमित सत्यापन के निर्देष दिये। 60 डेयज चैलेन्ज अभियान के अन्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी, पिहानी उदयवीर दुबे एवं ब्लाक स्टाफ द्वारा कार्यालय की साफ-सफाई, अभिलेखों को व्यवस्थित करने एवं बीडिंग का कार्य समय से पूरा पाया गया। कार्यालय सुव्यवस्थित एवं साफ-सुथरा पाया गया। तदोपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आर0आर0सी0 सेन्टर वाजिद नगर का निरीक्षण किया गया। आर0आर0सी0 सेन्टर का निर्माण पूर्ण पाया गया, परन्तु विद्युत कनेक्षन एवं वासिंग यूनिट का कार्य शेष पाया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तत्काल आर0आर0सी0 सेन्टर संचालन के निर्देष सचिव एव ग्राम प्रधान राजेश कुमार को दिये गये। ग्राम चौपाल वाजिद नगर में प्रतिभाग करते समय ग्राम वासियों द्वारा विद्युत पोल पर तार ढीले होने तथा व्यक्तिगत शौचालय की मांग की गयी है, जिनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देष दिये गये। आंगनवाड़ी केन्द्र पर पोषाहार के नियमित वितरण न किए जाने की शिकायत चौपाल में ग्रामवासियों द्वारा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित सी0डी0पी0ओ0 टोडरपुर को जॉच कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देष दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उ0प्रा0वि0 वाजिदनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा शिक्षण कार्य का आकलन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा रसोईघर, शौचालय एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया। शौचालय एवं किचन का रख-रखाव संतोषजनक न पाये जाने पर संबंधित अध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी कर, व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित कराने के निर्देष जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिये। निरीक्षण के समय उदयवीर दुबे, खण्ड विकास अधिकारी,पिहानी, कुशी बाजपेई, ब्लाक प्रमुख पिहानी, पुनीत गुप्ता, अवर अभियंता, ए0पी0ओ0 आबिद खान, सहायक विकास अधिकारी विवेकान्द शुक्ला, ग्राम प्रधान राजेश कुमार, पंचायत सचिव शवनत पटेल आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खंड विकास अधिकारी साबिर अनवर ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**शिवगढ़,रायबरेली।** खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ ने गौ आश्रय स्थल का किया स्थलीय निरीक्षण साथ ही गौ आश्रय स्थल में तैनात सभी सेवादार का बकाया भुगतान भी किया गया गौरतलब हो की शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ साबिर अनवर ने विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेरथुवा में बने गौ आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया साथ ही गौशाला में तैनात 6 सेवादारों का सितंबर माह तक भुगतान किया गया वहीं खंड विकास अधिकारी शिवगढ़ साबिर अनवर ने जानकारी देते हुए बताया की विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेरथुवा में बने गौ आश्रय स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया है इस दौरान पशुओं के लिए चारा पानी व रख रखाव की व्यवस्था देखी गई विदित हो की इस गौ आश्रय स्थल में 307 पशुओं को संरक्षित किया गया है जिनमे निरीक्षण के दौरान 1 पशु अस्वस्थ मिला जिसके उपचार के लिए संबंधित को निर्देशित कर दिया गया है

# भारतीय किसान मजदूर यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी

**द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी**





**सीतापुर।** सीतापुर के तहसील मिश्रिख में भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्वादी संगठन की तरफ से मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी शिकायत पत्र देकर बताया गया है अनुसूचित जाति के किसानों को पलायन करने में उप जिला अधिकारी मिश्रिख और भू राजस्व निरीक्षक पर मनुवादी विचारधारा साजिश रचने के संबंध में शिकायत पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन और जिलाधिकारी सीतापुर को शिकायती पत्र देकर खाता संख्या 271 गाटा संख्या 672 रकबा 302 डिग्री चकबंदी आकार पत्र 45 में चिन्हित किया गया जिस पर सुभाषिनी पत्नी सुकेश कुमार पांडे सुकेश कुमार पांडे पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम अर्थापुर मजरा सरैया परगना कोरोना तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर में ग्राम सभा उत्तर धोना में गाटा संख्या 844 बैनामा कराया तथा उसके नाप धारा 24 के तहत कराया जबकि राजस्व निरीक्षक ने पक्षकारों को कोई सूचना नहीं दिया ना ही किसी पड़ोसी किसानों को सूचना दिया जबकि धारा 24 के तहत तिहद्दे से नाप की जाती है तिहद्दे से नाप नहीं की गई तथा बंजर भूमि पर आवासीय पट्टे एवं चार भूमिहीनो के पटटे हैं पैमाइश में बंजर भूमि जो आवासीय भूमि को नाप कर मेड बंदी कर दी गई अब दलितों के बने मकानों के निकास एवं पानी का बहाव बंद है इसके संबंध में 16/ 10 /2023 को धरना प्रदर्शन किया गया तहसील मिश्रिख में दिनांक 17/ 10 /2023 को उप जिला अधिकारी मिश्रिख के द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपका प्रतिनिधि मंडल एवं अधिकारियों से वार्ता करा कर आई हुई समस्या का समाधान करेंगे परंतु आज तक कोई भी समस्या का समाधान नहीं किया गया भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्वादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राम राखन मौर्य के द्वारा शिकायत पत्र में लिखा गया शिकायत में कुछ अन्य बिंदु भी शामिल हैं जिनका विवरण कुछ इस प्रकार है ग्राम गउवापुर मजरा परसौली तहसील मिश्रिख के ग्राम में पूर्व खलिहान होते हुए स्वास्थ्य उप केंद्र तक जो गलियारा जाता है उसे पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है जिससे पैदल आना जाना भी दुर्लभ है उसे खुलवाने के संदर्भ में अनुरोध किया गया था छुट्टा जानवरों से समस्या का निजात दिलाने के लिए अनुरोध किया गया था धान क्रय केन्द्रो पर छोटे किसानों का भी धान तोला जाए किसानों के गन्ने का मूल्य ?450 प्रति कुंतल किया जाए उप जिला अधिकारी मिश्रिख द्वारा समस्या का समाधान न करके टालमटोल की नीति अपनाई जा रही है उपरोक्त समस्याओं का समाधान कराया जाए यदि उपरोक्त समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन विवस होकर तहसील प्रांगण मिश्रिख में पुनः धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल के पर बैठे आज दिनांक 3/11/2023 को धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल जारी है जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी धरना प्रदर्शन पर आश्वासन देने एवं धरना समाप्त करने के लिए तहसीलदार सुरभिराय मिश्रिख ने कहा लेकिन संगठन कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त न करने कार्रवाई करने की मांग की जिद पर अड़े हुए हैं इसलिए आज रात्रि में भी 10 लोग धरने पर रहेंगे धरना प्रदर्शन निरंतर जारी रहेगा धरना प्रदर्शन में मुख्य कार्यकर्ता अमरेंद्र सिंह उर्फ चहलू सिंह प्रदेश प्रवक्ता विजय शुक्ला मंडल उपाध्यक्ष सत्येंद्र वाजपेई छोटेलाल गौतम खुन खुन शर्मा राजाराम श्यामलाल अनिल गुप्ता सरला देवी राम लखन तिवारी जिला मीडिया प्रभारी सुशील शुक्ला रतन प्रकाश तिवारी प्रहलाद राजवंशी आदि सभी सदस्य धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे

# लखनऊ विश्वविद्यालय मे इकाई अध्यक्ष अंकुर यादव का आगमन हुआ

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के शानदार क्रांतिकारी नेता सर्वेश यादव के नेतृत्व में इकाई अध्यक्ष अंकुर यादव का आगमन लखनऊ विश्वविद्यालय के नये कैमपस में हुआ जिसमें पूर्ण रूप से जिम्मेदारी फ़ायर ब्रांड हिंदू वादी लोकप्रिय युवा नेता एवं अधिवक्ता समाज सेवक कुँवर अभिषेक सिंह को सौंपी गई तथा सब ने मिलकर सभी विभाग के अधिकारियों एवं अध्यापकों से विद्यार्थियों के हित में चर्चा की एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रिय अनुजों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना समझा एवं सुलझाने का प्रयास किया,फायर ब्रांड हिंदूवादी लोकप्रिय युवा नेता और अधिवक्ता समाज सेवक कुँवर अभिषेक सिंह ने कहा सभी प्रिय छोटे भाइयों का आभार व्यक्त करता हूं जो मेरे एक आवाज पर अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए सदैव तैयार रहते हैं।

# सम्पादकीय

## मानवतावादी दृष्टिकोण बदलने की अनूठी पहल

दुनिया की लगभग 85 प्रतिशत जीडीपी और 75 फीसदी ग्लोबल ट्रेड जी-20 देशों के पास है। विश्व की दो तिहाई आबादी भी जी-20 देशों में निवासरत है। भारत के पास नवम्बर 2023 तक इस समूह की अध्यक्षता रहने वाली है और इस दौरान भारत लगातार दुनिया को विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से बाहर निकलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

किसी भी राष्ट्र का उत्थान वहां पर निवासरत लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास से सम्भव है। एक राष्ट्र के बहुआयामी विकास में शिक्षा महती निभाती है। यही वजह है कि जिन देशों की शिक्षा व्यवस्था समृद्ध है, वो देश वैश्विक फ़लक पर अधिक समृद्ध और संपन्न हैं।विगत कुछ वर्षों में भारत ने भी तरक़्क़ी के नित नए आयाम स्थापित किए हैं, जिसकी परिणीति यह हुई है कि भारत की पहचान वैश्विक परिदृश्य पर एक मज़बूत और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है।आज़ादी के अमृतकाल के दौरान भारत को जी-20 का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना अपने आप में एक सुखद आश्चर्य की अनुभूति करने वाला विषय रहा। जी-20, दुनिया के 20 बड़े देशों का एक अंतर-सरकारी मंच है, जो दुनिया के बड़े भूभाग का प्रतिनिधित्व करता है। दुनिया की लगभग 85 प्रतिशत जीडीपी और 75 फीसदी ग्लोबल ट्रेड जी-20 देशों के पास है। विश्व की दो तिहाई आबादी भी जी-20 देशों में निवासरत है। भारत के पास नवम्बर 2023 तक इस समूह की अध्यक्षता रहने वाली है और इस दौरान भारत लगातार दुनिया को विभिन्न वैश्विक चुनौतियों से बाहर निकलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

**भारत और जी20 सम्मेलन**

भारत, लोकतंत्र की जननी है और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की जिस अवधारणा को हम सदियों से आत्मसात करके आगे बढ़ रहे हैं। उसी को केंद्र में रखते हुए जी-20 की थीम %एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य% रखा गया है। वर्तमान समय में दुनिया तमाम तरह के संकटों के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन, विभिन्न देशों में गृह युद्ध की स्थितियों का निर्मित होना और कमज़ोर होती वैश्विक अर्थव्यवस्था इसी का हिस्सा है। शिक्षा का क्षेत्र भी एक तरह के संक्रमण काल से जूझ रहा है। जिसकी वजह से सतत विकास के लक्ष्यों को अर्जित करने में हम पिछड़ रहे हैं। आज दुनिया के सामने भुखमरी एक बड़ी समस्या हो सकती है तो दूसरी तरफ शिक्षा से वंचित बच्चों के आंकड़े हमें शिक्षण नीतियों में बड़े फेरबदल की दिशा में इशारा कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार दुनिया के 260 मिलियन बच्चें स्कूल का मुँह नहीं देख पाते हैं। ऐसे में जरा सोचिए कैसे सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति हो पाएगी? शिक्षा ही है, जो किसी देश के मानव संसाधन को कुशल और उपगोगी बनाती है। ऐसे में जी-20 देशों के साथ मिलकर वैश्विक स्तर पर कैसे बेहतर, न्यायसंगत, प्रासंगिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर सृजित हो सके। इस दिशा में पहल की जा रही है। भारत के नेतृत्व में जी-20 समूह के देश एक एजुकेशन वर्किंग ग्रुप के तहत काम कर रहें हैं, जिसका उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और प्रौद्योगिकी के जरिए पठन-पाठन का माकूल वातावरण तैयार करना है। गौरतलब हो कि इसके लिए जी-20 शिक्षा कार्य समूह (एजुकेशन वर्किंग ग्रुप) की स्थापना साल 2018 में अर्जेंटीना की अध्यक्षता में की गई थी। एक मेजबान राष्ट्र के रूप में भारत, पिछली अध्यक्षताओं के तहत शिक्षा के क्षेत्र की समस्याओं के समाधान एवं शिक्षा से संबंधित ऐसे विचार-विमर्शों को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव लगातार कर रहा है जोकि शिक्षा की पूर्ण परिवर्तनकारी क्षमता को साकार होने से रोक रही हैं। इस भावना के अनुरूप कई ऐसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में युगांतरकारी परिवर्तन लाया जा सके। जी-20 के माध्यम से भारत ने दुनिया के सामने शिक्षा का एक नया खाका प्रस्तुत किया है। जो कहीं न कहीं विश्व की सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए लाभकारी है। भारत ने अपनी मेजबानी में शिक्षा कार्य समूह के सामने चार चरणों की एक रूप-रेखा पेश की है। जिसका पहला चरण बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान से सम्बंधित है। इसके दूसरे चरण में तकनीक की मदद से शिक्षा की पहुंच को बढ़ावा देना, तीसरे चरण में भविष्य की जरूरत और कौशल विकास को ध्यान में रखना और चौथे और आखिरी चरण में शोध को बढ़ावा देना और साझेदारी सम्मिलित है। साधारण सी बात है कि अगर दुनिया की 85 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व रखने वाले इन देशों की शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आगामी भविष्य में दृष्टिगोचर हो जाते हैं, तो वैश्विक परिदृश्य व्यापक स्तर पर बदल जाएगा। पर्यावरण के प्रति लोगों की सोच में बदलाव आ जाएगा।

**विश्व बंधुत्व और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना**

विश्व बंधुत्व और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना प्रगाढ़ होती परिलक्षित होगी और सबसे महत्वपूर्ण बात जो निकलकर आएगी वो ये होगी कि दुनिया के सामने एक ऐसा वैश्विक मॉडल उभरकर सामने आएगा, जहां दूसरी या तीसरी दुनिया जैसे शब्दों के लिए कोई स्थान शेष नहीं होगा। इतना ही नहीं, दुनिया इस तथ्य से भलीभांति अवगत है कि भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत रही है और निः संदेह भारत की यही विरासत पुनः दुनिया के सामने भारतीयता का गौरव-गान कर रही है और हमारा देश 'वसुधैव कुटुम्बकम' के प्रस्तोता के रूप में उभरकर सामने आ रहा है।

भारत की अध्यक्षता में शिक्षा कार्य समूह (एजुकेशन वर्किंग ग्रुप) के अधिदेश में शिक्षार्थियों के सामने आने वाली बाधाओं को पहचानना और समझना शामिल है। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई ताकतों को आगे बढ़ाने में मदद करना, विशेषकर शिक्षा में प्रौद्योगिकी के उपयोग और शिक्षण के तरीकों, पाठ्यक्रम, सामग्री, मूल्यांकन और शिक्षाशास्त्र पर महत्वपूर्ण प्रतिबिंब को सक्षम बनाने के लिए बेहतर प्रयास कर सीखने के परिणामों को सुनिश्चित करना और 21 वीं सदी में आवश्यक कौशल, दक्षताओं, मूल्यों और दृष्टिकोण के लिए शिक्षा को अधिक प्रासंगिक बनाना है। साथ ही शिक्षा कैसे मानव कल्याण के काम आ सके। इसके लिए प्रयास किए जाने हैं। जी- 20 ने हरित अर्थव्यवस्था में सतत परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए उल्लेखनीय प्रतिबद्धता को भी व्यक्त किया है। दुनिया ने कई बार वैश्विक मंचों से देखा और सुना है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कितने संजीदा हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी दुनिया को राह दिखाने का काम आगामी समय में भारत के नेतृत्व में जी-20 समूह करेगा। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनिया गुटेरेस की मानें तो दुनिया का 80 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन जी-20 के देश करते हैं। ऐसे में 'लाइफ़ मिशन' इस क्षेत्र में कारगर साबित हो सकता है। लाइफ मिशन को कैसे सफ़ल बनाना है? इसके बारे में हमारा देश काफी सज़ग है और दुनिया को इस मामले में शिक्षित करने का माद्दा भारत रखता है। जी-20 के माध्यम से, भारत का लक्ष्य कार्य और समाज के भविष्य के संदर्भ में मूलभूत शिक्षा, आजीवन कौशल अधिग्रहण और उच्च शिक्षा की भूमिका पर विशेष जोर देने के साथ स्थिरता पर अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई को उत्प्रेरित करना है और जी- 20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता लेते हुए भारत का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल में अंतर को पाटने के लिए जी-20 देशों के साथ मिलकर काम करना है। जिस दिशा में लगातार प्रयास जारी है। जी-20 शिखर सम्मेलन की थीम, 'वसुधैव कुटुंबकम' या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य, भारत की प्राचीन मान्यता से मेल खाती है। चाहें हम कोरोना काल की बात करें या जलवायु परिवर्तन से निपटने की भारत की प्रतिबद्धता की। भारत लगातार वैश्विक समस्याओं के निराकरण और वंचित लक्ष्यों की प्राप्ति में विशेष योगदान दे रहा है।

# कुदरत के कारखाने में कितनी घड़ियां बनती हैं!



अभी स्पेनिश एथलीट बेट्रिज फ्लेमिनी जमीन के अंदर एक गुफा में 500 दिन बिता कर बाहर निकलीं। 1962 में मिशेल सिफर जमीन के नीचे 58 दिन बिताकर निकले थे, पर उन्हें लगा था कि सिर्फ 33 दिन हुए हैं। क्या हमारी देह की घड़ी, अकेली घड़ी है या कुदरत ने कई और घड़ियां तैयार की हैं?

समय एक रहस्य है, जो खुद पर से उतना ही पर्दा उठाता है कि लोगों में उसे समझने की जिज्ञासा बनी रहे। समय का यह आंशिक रहस्योद्घाटन अभी कुछ महीने पहले हुआ, जब स्पेन की एक एथलीट बेट्रिज फ्लेमिनी जमीन के अंदर एक गुफा में 500 दिन बिताकर बाहर निकलीं। जमीन के नीचे इतना वक्त शायद ही आज तक किसी ने गुजारा हो। फ्लेमिनी बताती हैं कि 65वां दिन आते-आते, उन्हें समय का कोई अंदाजा नहीं रह गया था। लेकिन क्या वह यकीनी तौर पर कह सकती हैं कि वह 65वां ही दिन था? इससे पहले 1962 में फ्रांस के मिशेल सिफर के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ था, जब उन्हें लगा कि वह 33 दिनों तक जमीन से काफी गहराई में रहे, जबकि असल में, वह 58 दिन बाद बाहर निकले थे। एक नितांत अकेला शख्स वक्त को कैसे भांप सकता है, खासकर जिस दुनिया से वह घिरा रहता है, जब उससे कटा हुआ हो? एकबारगी तो यही लगता है कि इसमें दिक्कत नहीं आनी चाहिए, क्योंकि जैविक लय, जिसे कि जीवन का केंद्र भी माना जाता है, शरीर के रोम- रोम को संकेत देती रहती है। यह न केवल हमारे जागने- सोने के चक्र को, बल्कि, शरीर के ताप, हार्मोन, हृदय की धड़कनों इत्यादि सभी पर काबू रखती है। और, यह जो लय होती है, वह कई तरह से असर दिखाती है। मिसाल के लिए, अस्थमा रात में ज्यादा गंभीर होता है, जबकि हृदय से जुड़ी दिक्कतें अल-सुबह ज्यादा सामने आती हैं। शिफ्ट में जो लोग काम करते हैं, वे भी अपने परिवेश से अलग हो जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक उनमें कैंसर का खतरा ज्यादा होता है। यह जैविक लय हमारे संपर्क में आने वाली दूसरी प्रजातियों से भी प्रभावित होती है।

**जीन बनाते हैं जैविक घड़ी**

पृथ्वी, चंद्रमा व सूर्य के घूमने से एक पर्यावरणीय चक्र पैदा होता है, जो जैविक घड़ियों की चाल को प्रभावित करता है। यह जैविक घड़ी हर मनुष्य समेत सभी प्राणियों के भीतर होती है। और, जब पर्यावरण से कोई संकेत न मिल रहा हो, तब यह जैविक घड़ी अपनी तरह से काम करती है। रात और दिन के बदलावों से शरीर में सर्केडियन रिदम का एक चक्र चलता है, जो हमारे शरीर में होने वाले मानसिक, व्यवहारिक और शारीरिक परिवर्तनों को प्रभावित करता है। प्रकाश और अंधेरे की प्रतिक्रिया के रूप में यह रिदम चौबीस घंटे का चक्र चलाती है। जैसे सामान्य घड़ियां सेल से चलती हैं, यह सर्केडियन घड़ी शरीर के भीतर जीनों के बीच जो संवाद चलता है, उससे चलती हैं। जीनों के बीच संवाद शरीर की कोशिकाओं में दोलन पैदा करता है, और इस दोलन से सर्केडियन घड़ी को ऊर्जा मिलती है। सर्कैडियन क्लॉक अपने संकेतों को उस अंधेरे और प्रकाश से समझती है, जिसके संपर्क में हम आते हैं। हमारे शरीर की सर्कैडियन घड़ी हार्मोन के स्तर और शरीर के तापमान को नियंत्रित करके हमारे शरीर की अन्य घड़ियों के साथ सहयोग करती है। ऐसी कोई एकल सर्वव्यापी सर्केडियन घड़ी नहीं है, जो पूरे जीवन का व्यवस्थित करती हो, क्योंकि घड़ी के जीन विभिन्न प्रजातियों में अलग-अलग होते हैं। लेकिन बुनियादी सिद्धांत समान ही रहता है कि जीन दोलन के जरिये खुद को अभिव्यक्त करते हैं। इस संबंध में अब किए गए सभी जैविक अध्ययनों में यह बात सच साबित हुई है। मनुष्य, पशु, पक्षी, पौधे, कवक और यहां तक कि प्रकाश संश्लेषण से ऊर्जा प्राप्त करने वाले सायनो जीवाणु में भी यही चक्र मिलता है। जीवों और उनके पर्यावरण के साथ संबंधों का अध्ययन मुख्यत- प्रकाश, भोजन और तापमान को आधार बनाकर किया जाता है। सर्केडियन घड़ी को जेट लैग के उदाहरण से समझा जा सकता है। लंबी हवाई यात्रा के बाद हम पर रहने वाले उसके असर को जेट लैग कहते हैं। यह किसी व्यक्ति की आंतरिक लय के उस समय-क्षेत्र से विचलन को दर्शाता है, जिसमें वह इस वक्त है। अमूमन पर्यावरणीय संकेतों को समझने का सबसे कारगर जरिया प्रकाश को माना जाता है। दिन का प्रकाश जैविक घड़ी पर कोई असर नहीं डालता। लेकिन सूर्योदय के ठीक पहले का अंधेरा इसे आगे बढ़ाता है। होमो सेपियंस की आंतरिक सर्केडियन घड़ी 24.2 घंटों में एक चक्कर पूरा करती है। इसीलिए हमें पूर्व के छोटे दिनों की तुलना में पश्चिम के बड़े दिनों के साथ तालमेल बैठाना आसान लगता है। कई एथलीट और शोधकर्ता खुद को सबसे अलग-थलग करते हुए कुछ दिनों के लिए जमीन के नीचे गहराई में रखते हैं। इससे वह, सतह पर चल रहे समय चक्र से खुद को अलग कर लेते हैं। यही वजह है कि, जमीन के नीचे उन्हें सतह की तुलना में कम दिन अनुभव होते हैं।

**दूसरे समय, दूसरी घड़ियां**

सर्केडियन घड़ी प्रकृति में मौजूद एकमात्र घड़ी नहीं होती। कई जैविक प्रक्रियाएं मौसमी होती हैं। मिसाल के लिए, कई पक्षियों व कीड़ों का अप्रवासन, कई पशुओं की शीत निद्रा व प्रजनन का तरीका इत्यादि। ये जैविक घड़ियां कई कारकों से निर्धारित होती हैं और चक्रीय क्रम में काम करती हैं। लेकिन, इन घड़ियों की प्रक्रियाएं अभी पूरी तरह समझी नहीं जा सकी हैं। समुद्री प्रजातियों में ये जैविक घड़ियां कैसे काम करती हैं, इस पर भी फिलहाल निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता। इसकी वजह यह है कि समुद्र के तापमान का जो पैटर्न होता है, वह काफी जटिल होता है। समुद्री जीव दिन और रात के सौर चक्र के सीधे संपर्क में आते हैं। ज्वार-भाटे की स्थितियां भी समुद्री पर्यावरण को प्रभावित करती हैं। समुद्री चक्रों से जुड़ी जैविक लय को विभिन्न समुद्री प्रजातियों में देखा जा सकता है। मिसाल के लिए, कई मूंगों में प्रजनन का एक पैटर्न होता है। ये साल में केवल एक बार बहुत कम समय के लिए अंडे देते हैं। कुछ समुद्री जीव रात के सबसे अंधेरे समय में प्रजनन शुरू करने के लिए झुंडों में निकलते हैं। वर्ष 2020 में वैज्ञानिकों ने एक दिलचस्प खुलासा किया कि जैविक लय केवल समुद्र के ऊपरी हिस्सों तक सीमित नहीं है। वैज्ञानिकों ने समुद्र में 1,700 मीटर की गहराई के चरम वातावरण में पाए जाने वाले जीवों में प्रकृति से तालमेल बैठाने का पैटर्न दिखा है। इन तमाम घड़ियों की खोज अब भी जारी है। जितना हम जानते जाएंगे, शायद यह रहस्य और चुंबकीय होता जाएगा।

## क्या ये किसी व्यक्ति का नाम? पुराणों में बताई गई इनकी संख्या



वेदव्यास नाम के लोगों की संख्या के पीछे कारण यह है कि वेदव्यास, दरअसल, किसी व्यक्ति का नाम है ही नहीं! 'वेदव्यास',वास्तव में एक पद अथवा उपाधि है। यदि पूछा जाए कि महाभारत और पुराणों की रचना किसने की तो स्पष्ट तौर पर इसका उत्तर होगा, वेदव्यास ने। परंतु यदि कोई यह पूछ ले कि कौन-से वेदव्यास ने, यानी पहले, दूसरे, तीसरे या पांचवें या आठवें वेदव्यास ने? तो ऐसे में यह शंका उठना स्वाभाविक है कि कुल वेदव्यास हैं कितने? विष्णु पुराण के अनुसार अब तक वेदव्यास रह चुके लोगों की की संख्या दो, चार, छह या आठ नहीं, अपितु अट्ठाईस है! एक ही नाम के इतने सारे व्यक्ति कैसे हो सकते हैं, वह भी तब, जबकि नाम हो वेदव्यास, जिनका नाम संसार आदर से लेता है। उनकी रचनाएं युगों-युगों से हिंदू धर्म की चेतना को ऊर्जान्वित करती आई हैं! वेदव्यास, दरअसल, किसी व्यक्ति का नाम है ही नहीं! 'वेदव्यास',वास्तव में एक पद अथवा उपाधि है। वेदव्यास के पद पर नियुक्त होने वाला व्यक्ति वेदव्यास कहलाता है, हालांकि उसका वास्तविक नाम कुछ और होता है। वेदव्यास के पद पर बैठने वाले व्यक्ति का कार्य अत्यंत विशिष्ट होता है और उस कार्य के संपन्न हो जाने के उपरांत वह व्यक्ति वेदव्यास के पद से हट जाता है। फिर अगले कालखंड में उस पद पर किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति होती है। तब वह व्यक्ति अगला 'वेदव्यास' बनता है। अनेक युगों से वेदव्यास पद पर बैठने वाले लोग बदलते रहे हैं और इस तरह यह संख्या बढ़ते-बढ़ते आज अट्ठाईस तक जा पहुंची है। वर्तमान समय के वेदव्यास इसी दीघर्कालिक व्यास-परंपरा के 28वें सदस्य हैं। व्यास पद पर बैठने वाले व्यक्ति का वास्तविक नाम कुछ और होता है। वर्तमान वेदव्यास का असली नाम कृष्ण द्वैपायन है। कहते हैं, द्वापर युग में महर्षि पराशर से निषाद-कन्या सत्यवती ने एक पुत्र को जन्म दिया। चूंकि उस बालक का जन्म एक द्वीप पर पैदा हुआ था और जन्म के समय उसका रंग सांवला (कृष्ण-वर्ण) था तो उसका नाम हुआ, कृष्ण द्वैपायन। यही बालक कृष्ण द्वैपायन, आगे चलकर 28वां वेदव्यास कहलाया। वेदव्यास के पद में कौन-सी ऐसी विशेषता है कि इस पद पर अलग-अलग लोगों की नियुक्ति होती है? विष्णु पुराण के अनुसार, मनुष्य का बल और तेज इतना अल्प है कि उसके लिए वेदों को समझना संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक द्वापर युग में भगवान विष्णु स्वयं वेदव्यास के रूप में अंश अवतार लेते हैं और समस्त प्राणियों के हित के लिए वेदों का विभाजन करते हैं। भगवान, जिस रूप में इस बृहत कार्य को संपन्न करते हैं, उसी रूप का नाम वेदव्यास है।

**द्रोण-पुत्र अश्वत्थामा होंगे 29वें वेदव्यास**

सत, त्रेता, द्वापर और कलि ये चार युग हैं। ऐसे इकहत्तर चतुर्युग मिलने पर एक मन्वंतर बनता है। प्रत्येक मन्वंतर में 71 सत्युग, 71 त्रेता, 71 द्वापर और 71 कलियुग होते हैं। प्रत्येक द्वापर युग में वेदव्यास का जन्म होता है। एक मन्वंतर में 71 बार वेदव्यास की नियुक्ति होती है। वर्तमान मन्वंतर में 28 वेदव्यास हो चुके हैं और 43 वेदव्यास का जन्म होना अभी शेष है! कृष्ण द्वैपायन से पहले हुए 27 वेदव्यास कौन थे? विष्णु पुराण में सभी 28 वेदव्यासों के नाम मिलते हैं जो निम्न प्रकार हैं- ब्रह्मा, प्रजापति, शुक्राचार्य, बृहस्पति, सूर्य, मृत्यु, इंद्र, वसिष्ठ, सारस्वत, त्रिधामा, त्रिशिख, भरद्वाज, अंतरिक्ष, वर्णी, त्रय्यारुण, धनंजय, ऋतुंजय, जय, भरद्वाज, गौतम, हर्यात्मा, वाजश्रवा, तृणबिंदु, ऋक्ष, वाल्मीकि, शक्ति, पराशर, जातुकर्ण, और अंत में कृष्ण द्वैपायन। इसी श्रृंखला में विष्णु पुराण कहता है कि अगले द्वापर युग के वेदव्यास, यानी 29वें वेदव्यास द्रोण-पुत्र अश्वत्थामा होंगे।

## आपको चमत्कारों की जरूरत नहीं है, दुनिया को वैसे ही समझने की जरूरत है जैसी यह है



हमारे पास छोटे-छोटे रोबोटों से बनी एक आत्मा है, कोई भगवान नहीं है। इसे तार्किक ढंग से समझा जा सकता है। लेकिन लोग चाहते हैं कि स्वयं जीवन ही वास्तविक जादू हो। मैं लोगों को दिखाना चाहता हूं कि जीवन का जादू किस प्रकार विकसित हो रहा है। आपको चमत्कारों की जरूरत नहीं है। आपको इस दुनिया को वैसे ही समझने की जरूरत है, जैसी कि यह वास्तव में है। आपका मस्तिष्क या कहें तो पूरा शरीर कोशिकाओं से बना है। कोशिकाओं को खुद को जीवित रखने के लिए ऊर्जा की आपूर्ति बनाए रखनी होती है। इसमें एक मेटाबॉलिज्म है। ये छोटे-छोटे रोबोट हैं। उनके पास खरबों मोटर प्रोटीन्स हैं। वे मस्तिष्क के इन छोटे-छोटे राजमार्गों पर चीजों को लेकर चलते हैं। मोटर प्रोटीन्स या राइबोजोम्स जीवित नहीं होते। लेकिन इन मॉलक्यूलर मशीनों के बिना जीवन का अस्तित्व नहीं। हमारे पास छोटे-छोटे रोबोटों से बनी एक आत्मा है, कोई भगवान नहीं है। इसे तार्किक ढंग से समझा जा सकता है। लेकिन लोग चाहते हैं कि स्वयं जीवन ही वास्तविक जादू हो। मैं लोगों को दिखाना चाहता हूं कि जीवन का जादू किस प्रकार विकसित हो रहा है। आपको चमत्कारों की जरूरत नहीं है। आपको इस दुनिया को वैसे ही समझने की जरूरत है, जैसी कि यह वास्तव में है। हम भाग्यशाली हैं कि जीवित हैं! लोग जादुई विकल्पों को छोड़ने के बारे में चिंता महसूस करते हैं। पर न समझ में आने वाली चीजों के बारे में मैं जितना समझता गया, मेरी चिंता उतनी ही कम होती गई। किसी भी चीज से अद्भुत वह मेरा भगवान है, जिसकी मैं कल्पना कर सकता हूं, लेकिन वह जादुई नहीं है। मानव मन के भीतर नियंत्रण का सारा काम भावनाओं के जरिये होता है। आपके लैपटॉप में एक ऑपरेटिंग सिस्टम होता है। उस अर्थ में हमारे मस्तिष्क में कोई ऑपरेटिंग सिस्टम नहीं है, सब भावनाओं की उथल-पुथल है। खुशी की बात है कि हमने यह सीख लिया है कि उन भावनाओं का कैसे उपयोग किया जाए। जब आप गुस्से में होते हैं, तो एक तरह के शब्द का उपयोग करते हैं। जब आप खुश होते हैं, तो दूसरे तरह से शब्दों का उपयोग करते हैं। यह सब भावनाओं से नियंत्रित होता है। समाज भरोसे पर निर्भर है। पर अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के चलते विश्वास गंभीर रूप से खतरे में है। एआई समुदाय में बहुत लोग हैं, जो संभावनाओं को देखते हैं, पर जोखिम और जिम्मेदारी के बारे में नहीं सोचते। मैं उनसे कहूंगा कि रुकिए, आसानी से नकल तैयार करने वाला उपकरण बनाना अच्छी बात नहीं है, यह लोगों को इस तरह बदलेगा कि उनका भरोसा खत्म हो जाएगा।

# अवसादग्रस्त लोगों को दिखानी होगी सही राह



प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2023 की थीम है 'क्रिएटिंग होप थ्रू एक्शन'। इस थीम का उद्देश्य अपने काम के जरिये लोगों के बीच उम्मीद पैदा करना है। दुनियाभर में तेजी से बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 सितम्बर को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस की शुरुआत 'इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन' (आईएएसपी) द्वारा 2003 में की गई थी। इन दिन एक पीले रंग के रिबन को प्रतीक के रूप में पहना जाता है, जो इस बात को फैलाने में मदद करने के लिए पहना जाता है कि आत्महत्या की रोकथाम के बारे में बोलने से लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आत्महत्या करने वाले व्यक्ति के व्यवहार पर शोध करना, जागरुकता फैलाना और डेटा एकत्रित करना है। दरअसल डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। प्रतिवर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की एक थीम निर्धारित की जाती है। आत्महत्या रोकथाम दिवस की 2023 की थीम है 'क्रिएटिंग होप थ्रू एक्शन'। इस थीम का उद्देश्य अपने काम के जरिये लोगों के बीच उम्मीद पैदा करना है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। लोगों में जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। कोरोना काल में लोगों में हताशा और निराशा ज्यादा बढ़ी है, जिससे आत्महत्याओं का प्रतिशत भी लगातार बढ़ रहा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है।

हालांकि बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने वर्ष 2021 में भारत में आत्महत्या के मामलों को लेकर 'भारत में आकस्मिक मौतें एवं आत्महत्याएं-2021' रिपोर्ट जारी की थी, जिसके मुताबिक 2021 में देश में 164033 लोगों ने आत्महत्या की। एनसीआरबी के मुताबिक आत्महत्या की घटनाओं के पीछे पेशेवर या कैरियर संबंधी समस्याएं, अलगाव की भावना, दुर्व्यवहार, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, मानसिक विकार, शराब की लत, वित्तीय नुकसान, पुराने दर्द इत्यादि मुख्य कारण हैं। इस रिपोर्ट से साफ है कि कोरोना के कारण आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव, पारिवारिक क्लेश, रिश्तों में टूटन तथा बीमारी से परेशानी सहित कई अन्य कारणों के चलते देश में 2021 में आत्महत्याएं 2020 के मुकाबले करीब 7.2 फीसदी बढ़ गई। 2020 में आत्महत्या के मामलों की संख्या 153052 दर्ज हुई थी। मनोचिकित्सकों के मुताबिक इंसान को कोरोना ने शारीरिक रूप से जितना बीमार किया, उससे कहीं ज्यादा मानसिक तनाव दिया है। छात्र अपनी शिक्षा एवं भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता सता रही है तो कोई वित्तीय संकट से जूझ रहा है। तनाव के दौर में निजी रिश्तों में भी खटास बढ़ी है और आमजन में नकारात्मक विचारों का बढ़ता प्रवाह तथा उपरोक्त चिंताएं कई बार अवसाद का रूप ले लेती हैं, जिसके चलते कुछ लोग परेशानियों से निजात पाने के लिए आत्महत्या का खतरनाक रास्ता चुन लेते हैं। जब कोई व्यक्ति ज्यादा बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है तो एकाएक अवसाद में चला जाता है और इसी अवसाद के कारण ऐसे कुछ लोग आत्महत्या कर लेते हैं, जिसका उनके परिवार के साथ-साथ समाज पर भी बहुत नकारात्मक असर पड़ता है। विशेषज्ञों के मुताबिक अवसाद और तनाव के कारण ही लोगों में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है और जब व्यक्ति को परेशानियों से बाहर निकलने का कोई मार्ग नजर आता, ऐसे में वह आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठता है। हालांकि जिन लोगों का मनोबल मजबूत होता है, वे प्रायः विकट परिस्थितियों से उबर भी जाते हैं लेकिन अवसाद के शिकार कुछ लोग विषम परिस्थितियों से लड़ने के बजाय हालात के समक्ष घुटने टेक स्वयं को मौत के हवाले कर देते हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण भी है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। मनुष्य जीवन को संसार में सबसे अनमोल माना गया है क्योंकि हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। बहरहाल, यदि कभी जरूरत से ज्यादा तनाव अथवा किसी मानसिक बीमारी का अहसास हो तो तुरंत किसी मनोचिकित्सक से मिलकर अपनी परेशानियों के बारे में खुलकर बात करें। केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2020 में एक मेंटल हैल्थ रिहैबिलिटेशन हेल्पलाइन (किरण हेल्पलाइन) नंबर भी जारी किया गया था, जिस पर कॉल करके ऐसी स्थिति में मदद या काउंसलिंग की मांग की जा सकती है। इसके अलावा भी कई सुसाइड हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए किया जा सकता है। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाकर भी आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति के मन में आत्महत्या का विचार आए ही नहीं, ऐसा वातावरण तैयार करना परिवार के साथ-साथ समाज की भी बड़ी जिम्मेदारी है।

# अयोध्या में मीडिया साथियों के लिए दीपोत्सव पास हेतु 03 नवम्बर तक जमा कराये

संवाददाता



**अयोध्या।** अयोध्या में सप्तम दीपोत्सव में मीडिया पास के सम्बंध में उपनिदेशक अयोध्या एवं प्रभारी मीडिया सेन्टर लोक भवन लखनऊ डा0 मुरलीधर सिंह ने बताया कि मैं विगत 06 दीपोत्सवों से आप लोगों से सम्पर्क में हूँ तथा अयोध्या एक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की धरती है आप लोगों को प्रत्येक दीपोत्सव में आप लोगों का बेहतर सम्मान किया गया तथा मंडल, जिला प्रशासन व सूचना विभाग, पुलिस विभाग आदि का पूरा सहयोग रहा। आप लोगों को अवगत कराना है कि सभी सूचनाएं सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से दी जाएगी तथा आप लोगों का पास भी दिनांक 10 नवम्बर 2023 के पूर्व बन जायेगा। पूर्व की भांति मीडिया सेंटर श्रीराम कथा संग्रहालय के प्रथम तल पर होगा तथा वहां पर दिनांक 10 नवम्बर 2023 से सक्रिय हो जायेगा। जैसा कि आप लोग जानते है कि मण्डलीय सूचना कार्यालय फतेहगंज रेलवे क्रासिंग के पास लालबाग में स्थित है। इसलिए समस्त मीडिया प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि दीपोत्सव का कार्यक्रम मुख्य रूप से तीन स्थान-1 श्रीराम कथा पार्क 2 राम की पैड़ी, 3 सरयू आरती स्थल पर होगा। आप सभी मीडिया प्रतिनिधियों/बंधुओं से अनुरोध है कि अपने-अपने समाचार संगठन/न्यूज़ चैनल में तीनों स्थान पर अलग-अलग कवरेज करने वाले साथियों की सूची की हार्ड कॉपी मण्डलीय सूचना कार्यालय अयोध्या में दिनांक 03 नवम्बर 2023 तक उपलब्ध करा दें, इस सूची में अपने संस्थान द्वारा निर्गत परिचय पत्र/अधिकार पत्र/मान्यता कार्ड की फोटोकॉपी भी संलग्न करें इसकी फाइनल सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमोदन लेकर आप लोगों को मीडिया सेन्टर रामकथा संग्रहालय नया घाट अयोध्या से पास उपलब्ध करा दिया जायेगा। आपके अनुरोध पत्र में आपके अपने संपादक/ब्यूरो प्रमुख/चैनल हेड का हस्ताक्षर होना जरूरी है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि आप लोगों के सम्मानित चैनल/समाचार पत्र के प्रतिनिधिगण लखनऊ व दिल्ली से भी आते है उनसे भी आप अपने-अपने चैनल से सूचना तीनों स्थान का अलग-अलग मंगा लें, क्योंकि कोई भी पत्रकार साथी एक ही स्थान पर कवरेज करेगा जहां का उसका पास निर्गत होगा। मेला प्रशासन/पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, इस पास पर संयुक्त हस्ताक्षर अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल एवं उपनिदेशक सूचना अयोध्या/प्रभारी मीडिया सेन्टर लोकभवन डा0 मुरलीधर सिंह का होगा। यह निर्णय मेला प्रशासन द्वारा लिया गया है। बाहर से आने वाले पत्रकारों के मीडिया का ओ0बी0 बैन चौधरी चरण सिंह घाट पर विगत वर्ष की भांति स्थापित किये जायेंगे। मैं सभी पत्रकार साथियों से अनुरोध करता हूं इस कार्य में पूर्व की भांति सहयोग करें, उनके मान सम्मान बढ़ाया जायेगा तथा अयोध्या की मर्यादा का भी पालन किया जायेगा।

# अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार ने युवा वर्ग के मतदाताओं से मतदाता बनने की किया अपील

संवाददाता



**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर, 2023 तक मतदाता बनने के लिए दावे और आपत्तियां (फार्म-6, 6ए, 7 व 8) ली जायेंगी। मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन अवधि में छह विशेष अभियान तिथियां, जिसमें 04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 02 दिसम्बर तथा 03 दिसम्बर, 2023 निर्धारित हैं। इन विशेष तिथियों पर सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाता बनने हेतु पंजीकरण किया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि दिनांक 01 जनवरी 2024 को जो लोग 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए और जो मतदाता सूची में अन्य आवश्यक संशोधन करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों से अपील किया कि यदि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, या उसमें कोई संशोधन करना चाहते हैं, वह संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं अथवा जो ऑनलाइन पोर्टल है, उसके माध्यम से भी संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी विद्यार्थी जिन्होने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उन सभी विद्यार्थियों का वोटर लिस्ट में नाम होना चाहिए। उन्होने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से भी पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। उन्होने बताया कि आयोग द्वारा विशेष अभियान की तिथियां 4-5 नवम्बर, 25-26 नवम्बर एवं 2-3 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गयी हैं। विशेष तिथियां पर आयोजित होने वाले सभी मतदेय स्थलों पर में निर्वाचन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा छात्र/छात्राओं को मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 का वितरण किया जाएगा।

## एक नज़र

ऑनलाइन व्यापार के खिलाफ अयोध्या में सपा व्यापार सभा ने जताया विरोध

अयोध्या। समाजवादी व्यपार सभा अयोध्या के जिला अध्यक्ष नन्द कुमार गुप्ता ÷नन्दू÷ ने अपने साथियो के साथ नगर में पदयात्रा का आयोजन किया इस पदयात्रा में लोगो को जागरूक कराया की आने वाले त्योहारों पर ऑनलाइन खरीदारी न करे तथा अपने आस पास के दुकानदार भाई से ही खरीदारी करें और उनका भी त्यौहार अच्छा बनवाएं। ऑनलाइन खरीदारी से छोटे छोटे व्यापारियों की दिन प्रति दिन आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है व्यापारी भाई आर्थिक तंगी के शिकार होते जा रहे व स्थानीय बाजारों की रौनकें धीरे धीरे गायब होती जा रही ऑनलाइन खरीद से व्यापारी भाइयों और बाजारों पर बहुत बड़ा प्रभाव डाल रही है । इसी क्रम में एक छोटा सा प्रयास समाजवादी व्यापार सभा की ओर से आइए हम सब मिलकर उत्तर प्रदेश के दुकानदार भाइयों का सहयोग करें ऑनलाइन खरीदारी का विरोध करे । इस पदयात्रा के मौके पर नन्द कुमार गुप्ता ÷नन्दू÷ शक्ति जायसवाल, विजय यादव,शिवम् गुप्ता,बद्री प्रसाद त्रिपाठी, राम चन्दर यादव, मंगल मोदनवाल, श्यामू श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता, विमलेन्द्र श्रीवास्तव, बलराम निगम व अन्य दर्जनों व्यापारी भाई व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत इंडियन बैंक मुख्य शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई रैली

**अयोध्या।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत इंडियन बैंक के बैनर तले चौंक से नियावां चौराहा होते हुए मछली मंडी दिल्ली दरवाजा के रास्ते अंगूरीबाग तक सतर्कता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व कर रहे मुख्य शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र वर्मा ने कहा कि किसी भी रूप में रिश्वत स्वीकार न करें हमेशा भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखण्डता और सत्यनिष्ठा को बढावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है। यह सप्ताह भ्रष्टाचार के विरूद्ध केन-?द्रीय सतर्कता आयोग की जन भागीदारी सतर्कता पहलों में से एक है। इसका उद्देश?य शासन और जन प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति संवेदनशीलता लाना है।उक्त अवसर पर विनोद गौतम क्रेडिट मैनेजर, अंकित रावत मैनेजर अयोध्या, अभिषेक राहुल यादव मैनेजर उसरू, अभिषेक श्रीवास्तव, संजीव कुमार कैशियर, प्रियंका, राकेश पाण्डेय मैनेजर साकेत, सुमित सिंह मैनेजर रिकाबगंज, संदीप गुप्ता मैनेजर कलेक्ट्रेट, घनश्याम यादव, लालचंद मौर्य व राम किशन मुख्य रूप से मौजूद थे।

आई जी प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी और एस एस पी के साथ किया पुलिस कंट्रोल कमांड सेंटर निर्माण का शुभारंभ

अयोध्या। अयोध्या में पुलिस कंट्रोल कमांड सेंटर निर्माण कार्य का शुभारम्भ आई0जी0 अयोध्या रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार ने अधिकारियो के साथ किया । इस अवसर पर आई जी प्रवीण कुमार के साथ जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्टी डा0 अनिल मिश्रा आदि ने दिगम्बर जैन मंदिर कटरा के सामने पूर्ण विधि विधान से भूमि पूजन कर पुलिस कन्ट्रोल कमाण्ड सेन्टर भवन की आधारशिला रखी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था जितेन्द्र कुमार कुशवाहा,सीआरपीएफ कमाण्डेंट, एसपी सिटी, एसपी सुरक्षा, एसडीएम सदर, प्रोजेक्ट मैनेजर सी एण्ड डीएस यूनिट 44 सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे ।

### अयोध्या में राममंदिर के दरवाजों को स्वर्ण जड़ित करने की प्रक्रिया शुरू

**अयोध्या।** अयोध्या में भगवान राम लला के मंदिर के दरवाजों को स्वर्ण जणित किए जाने की प्रक्रिया हुई शुरू । इस अवसर पर दरवाजा पर स्वर्ण लगाने से पहले लगाई जा रही है तांबे की पत्तल । तांबे की चद्दर पर चढ़ाई जाएगी सोने के पत्तल । भगवान राम लला के मंदिर में गर्भ ग्रह समेत भूतल के 14 द्वार को स्वर्ण जणित किए जाने की योजना है । राम मंदिर में भगवान के सिंहासन दरवाजे और शिखर समेत गुंबद पर स्वर्ण लगाया जाना है।

### रौजागांव चीनी मिल अधिकारियो ने किया निरीक्षण

**अयोध्या।** रौजागांव चीनी मिल के अधिकारियो ने रिंग विधि से गन्ना बोआई कार्य का जायजा लिया । इस अवसर पर चीनी मिल के गन्ना अधिकारी विनय कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### साकेत महाविद्यालय अयोध्या के उर्दू विभाग के सहायक आचार्य डा अकबर मेहदी को किया सम्मान

**अयोध्या।** कामता प्रसाद सुंदरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या के लिए हर्ष एवं गौरव की बात है कि उर्दू विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अकबर मेहदी मुज़फ्फर की पुस्तक ÷जदीद उर्दू नज़्म का मुतालिया÷ को पश्चिम बंगाल उर्दू अकादमी ने शोध संवर्ग में हैदर बख्श हैदरी अवार्ड 2020 से सम्मानित किया है इस अवार्ड के तहत एक प्रशस्ति पत्र एवं ऋ्र.15000 की पुरस्कार राशि सम्मान पूर्वक प्रदान की जाएगी . डॉ.मेहदी की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अभय कुमार सिंह, मुख्य नियंता प्रोफेसर अनिल कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिकारी प्रोफेसर बी द्विवेदी, प्रोफेसर अशोक कुमार राय, प्रोफेसर अशोक कुमार मिश्रा, प्रोफेसर मिर्जा शहाब शाह, उर्दू विभागध्यक्ष डॉ. उमापति, शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रोफेसर ओम प्रकाश यादव, शिक्षक संघ महामंत्री प्रोफेसर आशीष प्रताप सिंह, प्रोफेसर परेश कुमार पांडे, प्रोफेसर अनुराग

# बगरैन मे आवारा पागल साड ने कई लोगो को किया बुरी तरह घायल



❖ पागल साड को 2 घंटे की कडी मेहनत के वाद पशु विभाग ने पकडा भेजा सुरक्षित स्थान आम लोगो ने ली राहत की सांस

संवाददाता

**बगरैन।** कस्वे मे दो दिन से आवारा पागल सांड ने आंतक मचा रखा था राहगीरो पर जान लेवा हमला कर घायल कर रहा था बुद्धवार को नक्से अली पुत्र मसरुदी उम्र 30 निवासी उदयपुर पर हमला कर दिया जिसमे नक्से अली का हाथ टूट गया , मोरपाल निवासी सरौरी पर हमला कर घायल कर दिया , कई गाडिया तोड दी , गुरुवार को आंवला रोड पर सुबह सुबह किसान उमांशकर पुत्र फूल चंद पर पीछे से हमला कर घायल कर दिया , तथा कई अन्य लोगो के भी चोंटे आई है साड के आंतक को देखकर मुख्य पशु चिकित्सा वदायू को फोन करके पागल साड को पकड वाने के लिए आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह फोन से अवगत कराया , मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी वदायूं ने तुरन्त सैदपुर से पशुधन प्रसार अधिकारी डा राजराम पाल को टीम के साथ बगरैन पहुंचने के लिए आदेश दिया , जहा टीम ने 2 घंटे की कडी मसक्त के वाद गुलामनवी प्रधान बगरैन ने जान जोखिम मे डाल कर नशे का इंजेक्शन लगा कर साड को काबू मे किया । तथा सुरक्षित स्थान पर भेज दिया , साड को पकड कर कावू मे होने पर कस्बे के लोगो ने राहत की सांस ली , दो दिन से लोग घरो मे कैद थे , गाव वालो के सहयोग से टीम साड पकडने मे सफल रही । साड को पकड़ने वाली टीम मे पशुधन प्रसार अधिकारी सैदपुर डा राजाराम पाल भगवान दास दयाराम रामकिशोर ईशान प्रदीप मैजूद रहे ।

# प्रशासन को ठेंगा दिखाकर डाला निर्माण प्रशासन मौन जिलाधिकारी से हुई शिकायत

संवाददाता

**रायबरेली।** रायबरेली में विगत दिवस सर्वोदय नगर में दबंगों द्वारा नजूल की जमीन गाटा संख्या 126 पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर सभी मोहल्ले वालों ने इकट्ठा होकर जब इस बात का विरोध किया तो वहां मकान मालिक प्रशांत सिंह के चाचा मनोज सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर सबको डराने धमकाने का प्रयास किया और सबको देख लेने की धमकी दी। इस बीच उनके एक साथी ने ईंटा उठा लिया और हाथापाई करने का प्रयास किया। जिसमें कुछ लोगों को मामूली चोटे भी आई। जब प्रशासन को इस बात की सूचना दी गई तो प्रशासन की तरफ से एक टीम गठित करके वहां भेजा गया। प्रशासन ने केवल एक पक्ष की बात को दृष्टिगत रखते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपी। जिसमें लेखपाल दीपक साहू की भूमिका संदिग्ध है और उनकी फोन की रिकॉर्डिंग भी कर ली गई है। तत्पश्चात शाम को पुनः प्रशासन व दबंगों की सांठगांठ से पुनः निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। जबकि वहां पर आए अधिकारियों ने की आश्वासन दिया था कि अब यहां पर काम नहीं होगा। शाम को एसडीएम सदर लेखपाल रेवेन्यू इंस्पेक्टर से लेकर 112 पर कई बार फोन किया गया फिर भी किसी भी प्रकार की प्रशासनिक मदद नहीं पहुंची। अंततः मोहल्लेवासियों ने जब थक हार कर 1076 पर फोन कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर मदद मांगी और विधायिका अदिति सिंह के सख्त रवैया से रात में 9ः00 बजे थाने से सिपाहियों ने पहुंच कर काम को रुकवाया। इस बीच लेखपाल दीपक साहू को कई बार फोन किया गया किंतु वह टालमटोल करते रहे । रेवेन्यू इंस्पेक्टर भी यह बताते रहे की रिपोर्ट नगर पालिका को सौंप दी गई है। कोई भी प्रशासनिक अधिकारी मीटिंग में व्यस्त होने के कारण वहां पहुंचने का प्रयास नहीं किया। अतः मोहल्ले वालों ने थक हार कर जिलाधिकारी का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया व गुरुवार को सुबह उन्हें प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई।

# किसानों ने अपने खर्चे से पाटा चकरोड बनाया खेतों तक रास्ता

❖ ग्राम सभा धौरहरा खुर्द के किसानों ने किया सराहनीय कार्य।

दअचीवर टाइम्स रमेश चंद्र



**लखीमपुर खीरी फरधान।** वर्षों से बंद पड़े रास्ते को किसानों ने आपसी सहयोग से मिट्टी डालकर कर बनाया। किसानों को हो रही थी काफी दिक्कतें। ग्राम प्रधान व सचिव नहीं दे रहे थे ध्यान। विकासखंड सदर की ग्राम पंचायत धौरहरा खुर्द निवासी किसान मुरारी वर्मा, राम प्रकाश वर्मा, रामनरेश वर्मा, बबलू चक्रवर्ती, हरनाम चक्रवर्ती, सूरज राज, कमलेश कुमार आदि ग्राम सभा के लोगों ने खेतों को जाने वाला चकरोड कई वर्षों से खराब पड़ा था। जिस पर दोनों तरफ गहरी खाई हो गई थी। किसानों को ट्रैक्टर ट्राली निकालने में आए दिन ट्रैक्टर ट्रॉली फंस जाते थे। जिसको लेकर किसानों को काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। जानलेवा हादसा भी होने का भय बना रहता था। किसानों ने कई बार ग्राम प्रधान और सचिव से चकरोड पटवाने की मांग की लेकिन इस पर जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। परेशान किसानों ने खेतों को जाने वाला लगभग डेढ़ किलोमीटर चकरोड अपने ट्रैक्टरों से बनाई। कोलोरा से पड़रहा तालाब तक रास्ता बनाया। किसानों का कहना है ग्राम सभा धौरहरा खुर्द में प्रधान ना पंचायत सेक्रेटरी समेत खुली बैठक में अन्य अधिकारी इस विषय में बताया गया लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। आवश्यकता और मजबूर को लेकर किसानों ने रास्ता को ट्रैक्टर से जोतकर कल्टीवेटर और करहा लगाकर सारा चकरोड अच्छे ढंग से बना ली है। ग्राम सभा धौरहरा खुर्द की सराहनीय कार्य है।

# अलग-अलग स्थान से दो लोग गिरफ्तार



द अचीवर टाइम्स। रमेश चंद्र

**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन मे जनपद में अवैध शराब निष्कर्षण, बेचने व बनाने को रोकने का विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही के पर्यप्रेक्ष्य में व क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन मे चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे आज दिन शुक्रवार को थाना फरधान पुलिस द्वारा 02 नफर अभि0गण को अलग-अलग स्थानों से कच्ची अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में अभि0गण को थाना हाजा लाकर विधिक कार्यवाही की जा रही है। मिथुन नि0 ग्राम कैमहरा थाना फरधान जिला खीरी को 18 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ कैमहरा पावर हाउस के पास गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में बलराम उर्फ बलिराम नि0ग्राम रनछोरपुर थाना फरधान जिला खीरी 14 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ पुल के पास बह्दग्राम रनछोरपुर थाना फरधान जिला खीरी संबंधित मु0अ0सं0 506/2023 धारा 60 धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- का0 निशान्त कुमार का0 सुनील यादव के सहयोग से अवैध शराब कारोबारी पर शिकंजा कसा गया। जिनको पड़कर धारा में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

### पीएम आवास के नाम पर 18 लोगों से दस लाख की ठगी

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान बना कर देने का झांसा देकर 18 लोगों से करीब दस लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। आरोप देवांचल इंफ्रा के निदेशक और उनके कर्मचारियों पर लगा है। इस संबंध में गुडंबा थाने में 6 के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। जानकीपुरम सेक्टर-जी निवासी राघवेंद्र तिवारी रहते हैं। उनके मुताबिक देवांचल इंफ्रा के एमडी मनीष श्रीवास्तव ने पैकरामऊ में प्रधानमंत्री आवास बनाने की स्कीम निकाली थी। फर्म में कार्यरत एजेंटों ने राघवेंद्र के साथ राजीव अग्निहोत्री, कंचना पांडेय, वन्दना, दिव्यांशी पांडेय, हर्षिका, सोनू शुक्ल, प्रीती, जूली, धीरेंद्र तिवारी, पुष्पलता, अरुणेश, जगमोहन, शुभी, मो. शरीफ, राम, बेटी और शिवकुमार से प्रति व्यक्ति 51 हजार रुपये जमा कराए गए। करीब तीन साल तक इंतजार करने के बाद भी मकान का निर्माण नहीं हुआ।

# श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अयोध्या के मुख्य संपर्क मार्ग का जिलाधिकारी नितीश कुमार ने लिया जायजा



संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या जिलाधिकारी नितीश कुमार ने उप जिलाधिकारी राज कुमार पांडेय व अयोध्या विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य संपर्क मार्ग जन्मभूमि पथ का निरीक्षण किया। उन्होंने पथ के दोनों तरफ अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे फसाड/भवनों के फसाड ट्रीटमेंट कार्यों का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जन्मभूमि पथ (बिरला धर्मशाला से श्री राम जन्मभूमि मंदिर तक) के दोनों तरफ चाहरदिवारी पर जी0आई0सी0 (ग्लास फाइबर रिइंफोर्स कंक्रीट) के द्वारा भगवान श्री राम से संबंधित कलाकृतियों एवम् अयोध्या की संस्कृति एवं वास्तुकला को प्रदर्शित करते हुए समरूपता लाने हेतु किए जा रहे कार्यों में अयोध्या विकास प्राधिकरण को तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जन्म भूमि पथ के दोनों तरफ स्थित भवनों पर भी पथ हेतु निर्धारित थीम के अनुसार रंगाई एवं पुताई के कार्य को भी तेजी से करने तथा अपेक्षित समय में समस्त कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### अयोध्या में कारसेवकों को दी गई श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** 2 नवंबर 1990 में राम मंदिर के लिए बलिदान देने वाले कारसेवकों को दी गई श्रद्धांजलि।अयोध्या की दिगंबर अखाड़ा पर स्थित शहीद स्मारक पर दी गई श्रद्धांजलि।अयोध्या में बलिदानी कारसेवक रमेश पांडे के आवास पर हुआ अनुष्ठान। विश्व हिंदू परिषद की मीडिया प्रभारी शरद शर्मा,कि हिंदू वादी नेता मनीष पांडे और राजीव शुक्ला ने दी श्रद्धांजलि। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा का बयान। 1991 से लगातार दिगंबर अखाड़ा पर शहीद कारसेवकों को दी जा रही है श्रद्धांजलि। 1990 और 1992 के घटना के तहत धार्मिक स्वतंत्रता के शंखनाद के कारण बन रहा भव्य राम मंदिर। 22 जनवरी को बलिदानी कारसेवकों को प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन में शामिल कर मिलेगा सम्मान।मंदिर निर्माण के बाद शहीद कारसेवकों के स्मारक को भी मिले उचित स्थान।

# हक की बात जिलाधिकारी के साथ में जिलाधिकारी ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

संवाददाता

**रायबरेली।** रायबरेली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन शक्ति फेज-4.0 के अंतर्गत हक की बात जिलाधिकारी के साथ की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने दीप जलाकर और मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया। बैठक में महिलाओं और बच्चियों ने अपनी अपनी समस्याए जिलाधिकारी के सामने रखी। कुछ महिलाओं एवं बच्चियों ने अपने जीवन के कटु अनुभवों को बैठक में साझा किया। जिसे सुनकर बैठक में उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि महिलाओं और बच्चियों से संबंधित हिंसा को गंभीरता से लिया जाए और इस प्रकार के मामलों में त्वरित कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि आप लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहे और किसी भी प्रकार की हिंसा को सहन ना करे। पुलिस विभाग महिलाओं की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। सरकार ने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएं शुरू कर रखी है। जिलाधिकारी ने महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि महिलाओं की सबसे बड़ी शक्ति महिलाएं स्वयं है। अपने अंदर आत्मविश्वास बनाए रखें और समस्याओं का डटकर सामना करें। किसी से भी डरने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय संविधान सभी को बराबरी का अधिकार देता है। महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर समान अधिकार प्राप्त है। महिलाओं और बच्चियों के लिए कार्य कर रही निजी संस्था %सबला% ने बताया कि महिलाओं के साथ होने वाले आपराधिक मामलों में ज्यादातर घरेलू हिंसा से संबंधित होते है। जिलाधिकारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं अपने साथ होने वाली किसी भी प्रकार की हिंसा को स्वीकार न करे। सरकार और प्रशासन आप लोगो की हर स्तर से सहायता करेगा। मिशन शक्ति का उद्देश्य ही है, महिलाओं का सशक्तिकरण करना। बैठक में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव,जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा,जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यकीय अधिकारी पन्नालाल के साथ ही महिलाओ के लिए कार्य कर रही संस्थाओ के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## आगामी 1 जनवरी 2024 के आधार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित




संवाददाता

**उरई जालौन।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने मा0 संसद सदस्य जालौन-गरौठा-भोगनीपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, मा0 विधान सभा सदस्य 219-माधौगढ़, 220-कालपी एवं 221-उरई( अ0जा0 ) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र तथा मा0 अध्यक्ष/मंत्री मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय दल को अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में मा0 आयुक्त, झाँसी मण्डल झाँसी / रोल प्रेक्षक महोदय की अध्यक्षता में आहूत बैठक के सम्बंध में बताया कि कार्यालय रोल प्रेक्षक / आयुक्त, झांसी मण्डल झांसी के पत्र दिनांक 31 अक्टूबर 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें तत्क्रम में अवगत कराना है कि आयोग द्वारा निर्गत निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार प्रथम विशेष अभियान दिनांक 04.11.2023 (शनिवार) को सम्पन्न होगा। विशेष अभियान दिवस में रोल प्रेक्षक / मा0 आयुक्त, झांसी मण्डल झाँसी का भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 04.11.2023 को समय अपरान्ह 03ः00 बजे स्थान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मा0 रोल प्रेक्षक / आयुक्त, झांसी मण्डल झांसी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी है। अतएव आहूत उक्त बैठक में नियत तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

## पारिवारिक मामलों में सुलह के लिए चलाया जाएगा जन जागरूकता आभियान- न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह गौतम



संवाददाता

**उरई।** जन जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से परिवार न्यायालय की बैठक प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह गौतम के विश्राम कक्ष में हुई जिसमें वादो के निस्तारण के लिए वार्ता की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत समिति की अध्यक्ष व अपर प्रधान न्यायाधीश अमृता शुक्ला परिवार न्यायालय की अध्यक्षता में 9 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक पारिवारिक मामलों के वादों एवं प्री लिटिगेशन वादो को चिन्हित कर अधिक से अधिक मामलों में सुलह समझौता कराए जाने व जन जागरूकता पैदा करने के लिए बैठक में रूपरेखा तैयार की गई! इस दौरान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मनोज कुमार सिंह गौतम सदस्य राजीव खरे परिवार कल्याण विशेषज्ञ प्रियंका द्विवेदी परामर्शदाता के के प्रजापति सुलेखा सिंह मंजू बैठक में मौजूद रही सर्व सहमति से अधिक से अधिक बादो के निस्तारण कराए जाने के लिए वार्ता संपन्न हुई!

## उपजिलाधिकारी कालपी ने तीन लेखपालों के कार्य क्षेत्र में किया बदलाव

### तहसील के कार्यों को गतिशीलता से निपटने के लिए उठाया कदम




संवाददाता

**कालपी(जालौन)।** स्थानीय तहसील के राजस्व विभाग के कार्यों को गतिशीलता से निपटने के लिए तीन अलग-अलग महत्वपूर्ण ग्रामों के लेखपालों के कार्यक्षेत्रो का बदलाव उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के द्वारा किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए तहसीलदार शेर बहादुर सिंह ने बताया कि अवकाश से वापिस लौटे वरिष्ठ लेखपाल जयवीर सिंह को कदौरा कस्बे का लेखपाल बनाया गया है। मालूम हो कि जयवीर सिंह इससे पहले कालपी सदर के लेखपाल के पद की जिम्मेदारी कुशलतापूर्वक निर्वाह कर चुके हैं। जबकि इकौना गांव के लेखपाल अरविंद पांडेय को महत्वपूर्ण ग्राम आटा की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसी तरह आटा के लेखपाल राघवेंद्र निरंजन को इकौना गांव की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर को स्थानान्तरण आदेश जारी हो चुके हैं, सभी स्थानांतरित लेखपालों को अपने-अपने क्षेत्र में पद संभालने के लिए निर्देशित किया गया है। उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने सभी लेखपालों तथा विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व विभाग की योजनाओं को गतिशीलता से निपटायें तथा जनसमस्याओं का समाधान कराये।

## एक नज़र

### शिक्षकों की बढ़ती लापरवाही के कारण समय से नहीं खुलता स्कूल

संवाददाता

**जालौन माधौगढ़।** जालौन आपको बता दें कि पूरा मामला माधौगढ़ विकासखंड के धरमपुरा तौर का है जहां पर समय पर नहीं खोला जाता हैं विद्यालय लापरवाह अध्यापकों की वजह से बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर जाता हुआ दिखाई दे रहा है आज फिर लापरवाह अध्यापकों की वजह से शिक्षा विभाग पर उठ रहे सवाल अध्यापकों को मोटी रकम मिलने के बाद भी अध्यापक नहीं पहुंचते समय से स्कूल एक तरफ शिक्षा विभाग की सच्चाई दिखाने के लिए झेलनी पड़ती है अध्यापकों की मार वही दूसरी तरफ स्कूलों के अध्यापक सुधारने का नाम नहीं ले रहे आज का मामला माधौगढ़ तहसील के धरमपुरा तौर का है।जहां स्कूल में समय से नहीं पहुंचे अध्यापक बच्चे कंपाउंड में खेलते नजर आए।

**रसोईया के द्वारा खोला जाता है स्कूल अध्यापक रहते नदारत**

आखिरकार कब सुधरेगा शिक्षा विभाग और कब होगी लापरवाह अध्यापकों पर कार्रवाई। धरमपुरा तौर में बने स्कूल में केवल एक ही अध्यापिका पहुंची अध्यापिका सोनम भी पहुंची तो 9ः30 पर वह भी स्कूल में समय से नही पहुंची जबकि रीना देवी और विनोद अध्यापक 12ः00 बजे तक भी नही पहुंचते स्कूल अखिरकार कब सुधरेंगे लापरवाह अध्यापक या फिर अध्यापकों का ऐसा ही बना रहेगा रवैया और शिक्षा विभाग पर ऐसे ही उठाते रहेंगे सवाल कया स्कूल में बच्चो को नहीं मिलेगी शिक्षा एक तरफ तो सूबे के मुखिया का सपना हुआ फेल,गरीबों के साथ हो रहा खिलवाड़ अब बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या लापरवाह अध्यापकों पर होगी कोई कार्यवाही या फिर अधिकारियों द्वारा कार्यवाही के नाम पर खेला जाएगा जांच का खेल और होगी सिर्फ खानापूर्ति।

### पत्नी से परेशान पैरालिसिस पीड़ित पति ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौपा ज्ञापन

संवाददाता



**उरई (जालौन)।** थाना डकोर के ग्राम फूलपुरा निवासी प्रमोद पुत्र घनश्याम ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते हुए बताया कि एक्सीडेन्ट में रीड़ की हड्डी टूटने से पैराले सिस हो गया था। लेकिन प्रार्थी की पत्नी संगीता पुत्री सीताराम निवासी कस्बा व थाना कोटरा आये दिन प्रार्थी को हैरान परेशान करती है और धमकी देती है कि मैं जान से मार डालूगी तथा प्रार्थी से समस्त दहेज का सामान 6 माह पहले ले गयी है तथा 8 महीने से गायब है। कई बार पंचायत हो चुकी है लेकिन पंचायत की बात से इंकार करती है तथा पंचायत में सभी बातों को स्वीकार करती है बाद में मुकर जाती है। पीड़ित ने कहा कि वह चल फिर नही सकता है। जब वह शिकायत करती है तो पुलिस प्रार्थी व उसके परिवार को हैरान परेशान करती है तथा जो लोग प्रार्थी की सेवा व देखभाल करते है उनको जबरन परेशान करती है । तथा एक मुकद्दमा कुटुम्ब न्यायालय में दायर है जो कि दोनों की सहमति से दायर हुआ है। जो कि विचाराधीन है।पीड़ित ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि अवस्था को देखते हुए प्रार्थी की पत्नी संगीता से छुटकारा दिलाया जाये तथा उसके झूठे प्रार्थना पत्रों के आधार पर प्रार्थी व प्रार्थी के परिजनों को परेशान न किया जाये।

### जिलाधिकारी जालौन ने कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मडोरा का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की शिक्षा गुणवत्ता का लिया जायजा

संवाददाता

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मडौरा का निरीक्षण कर बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता सन्तोषजनक पायी गई, बच्चों को पोषक आहार देने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षावार बच्चों की उपस्थिति पंजिका, निपुण लक्ष्य की लिस्ट को चेक किया गया, बच्चों की उपस्थिति पंजिका अनुसार बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई। उन्होंने निर्देशित किया कि जो बच्चे लंबे समय से स्कूल नहीं आ रहे हैं उनके माता-पिता को प्रेरित कर बच्चों को शत प्रतिशत स्कूल लाया जाए, ताकि वह पढ़ाई में पीछे न रहे। उन्होंने प्रधानाध्यापक व खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बच्चों को शत प्रतिशत निपुण बनाया जाए, जो बच्चे निपुण हो गए हैं उनकी रेंडम चेकिंग भी की जाए। उन्होंने पढ़ाई में कमजोर बच्चों को अलग से क्लास देकर पढ़ाने के निर्देश दिए ताकि वह भी बच्चे निपुण बन सके। जिलाधिकारी शिक्षक की भूमिका में दिखाई दिए कभी बोर्ड पर मारकर के माध्यम से, तो कभी किताबों से सवाल पूछ कर छात्राओं को पढ़ाया। उन्होंने बच्चों से 17 का पहाड़ा, 19 का पहाड़ा व 13 का पहाड़ा सुना जिस पर बच्चों द्वारा बखूबी पहाड़ा सुनाया गया। उन्होंने कक्षा एक के बच्चों से कविता भी सुनी बच्चों द्वारा मैं तोता मैं तोता हरे रंग का मैं दिखाता और बारिश होती छम छम छम छतरी लेकर निकले हम, बड़े उत्साह से जिलाधिकारी को कविताएं सुनाई।

## डिजिटल क्रांफ्ट सर्वे की पड़ताल का कार्य 176 ग्रामों में पुर्ण

## कालपी तहसील ने जनपद में प्रथम स्थान हासिल करने का गौरव हासिल किया


❖ तहसीलदार शेर बहादुर सिंह के मुताबिक जल्द ही क्रांफ्ट सर्वे का ऑनलाइन काम पूरा कर लिया जाएगा।



संवाददाता

**कालपी जालौन।** उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के निर्देशन के अनुरूप राजस्व कर्मचारियों के द्वारा चलाए जा रहे डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे की पड़ताल का कार्य 136 ग्रामों में पूरा कर के जनपद में प्रथम स्थान हासिल होने का गौरव हासिल हुआ है। तहसीलदार शेर बहादुर सिंह के मुताबिक जल्द ही क्राप्ट सर्वे का आनलाइन काम पूरा कर लिया जायेगा। कालपी तहसील के तहसीलदार शेर बहादुर सिंह ने बताया कि जनपद जालौन की कालपी तहसील में ई पड़ताल का कार्य उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल तथा मेरी माटीरिंग के मुताबिक चलाया जा रहा है। प्रतिदिन अधिकारियों के द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग भी करते हैं सरवेयर के तौर पर क्षेत्रीय लेखपालों के द्वारा गांव गांव की खेतों की फसल का जिंसवार सर्वे किया गया है। नायब तहसीलदार हरदीप सिंह तथा नीलमणि सिंह के द्वारा सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जब के कानूनगो सुपरवाइजर की जिम्मेदारी सौंप गई है ।उन्होंने बताया कि खेतों की पकी फसलों ज्वार, बाजरा तथा तिली आदि की पड़ताल कार्य कदौरा विकास खंड के 66 तथा महेवा विकास खंड के 70 गांवों में पूरा हो चुका है। राजस्व विभाग के कार्यों की जानकारी देते हुए नायब तहसीलदार ने अवगत कराया की रियल टाइम खतौनी को तैयार करने का कार्य कालपी तहसील के सभी 242 ग्रामों में चलाया जा रहा है एक ग्राम पाली चकबंदी प्रक्रिया में है उन्होंने बताया कि 132 ग्रामों की रियल टाइम खतौनी का कार्य प्रथम चरण में पूरा हो चुका है शेष बचे ग्रामों में रियल टाइम खतौनी का काम गतिशीलता से चलाया जा रहा है। राजस्व विभाग के कार्यो को गतिशीलता से निपटाने के लिए तहसीलदार शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में बिभागीय कार्यो की समीक्षा की गई।

## कालपी में 4 नवंबर को निशुल्क नेत्र शिविर कैंप का आयोजन ।



संवाददाता

**कालपी जालौन।** वार्ड नं 22 के रामगंज कालपी के वर्तमान सभासद राजू भाई के प्रयास से नगर कालपी में उनके निज निवास पर 4 नवंबर दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे शिविर में आसपास के दर्जनों मरीजों ने आंख से संबंधित आंख का लाल होना, आंख से पानी गिरना, आंखों से कम दिखाई देना, काला पानी, रेटीना नासूर, मोतियाबिंद, काला मोतियाबिंद आदि सभी रोग चश्मा की जांच भी कराई जाएंगी । शिविर का आयोजन डॉक्टर जवाहर लाल रोहरगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर के तत्वाधान में बादशाह चस्मे वाले उरई की ओर से कराया जा रहा है। नेत्र शिविर का कार्यक्रम कानपूर के मशहूर डॉक्टर प्रोफेसर मोहम्मद बादशाह खान की देखरेख में सम्पन्न होगा । इस मौके पर उपस्थित लोगों में सपा विधायक विनोद चतुर्वेदी ,अमित कुमार यादव वरिष्ठ पत्रकार, आशु चतुर्वेदी विधयक प्रतिनिधि,नसीम खान, इकबाल खान, रूप सिंह चंदेल, अदनान शेख, आशु आरिफ, नमीर समीर, असलम चच्चा, जमील, जावेद मुंशी, समीम मास्टर, हाजी जमील, छुट्टन, सत्तार राइन, मुन्ना खां, असलम पाड्डू, महफूज खां, सहित दर्जनो लोग मौजुद रहे ।

## कदौरा नगर पंचायत के सामने ढाला रख,दबंगों ने किया कब्जा

संवाददाता




**कदौरा/ जालौन।** कदौरा नगर पंचायत के सामने दबंग लोगों के द्वारा रखा गया है ढाला आप बताते चलें कि कदौरा नगर पंचायत के आस पास लोगों के द्वारा अतिक्रमण किया गया है जब इस बारे में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविकांत शिवहरे से बात की जानकारी दी गयी तो उन्होंने बताया कि बहुत ही जल्द नगर पंचायत के सामने दबंग लोगों के द्वारा जो अतिक्रमण किया गया है उसे बहुत हटा दिया जाएगा पर अभी दबंग के नगर पंचायत के सामने रखा है ढाला फिर इस मामले में ईओं वेद प्रकाश यादव से जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि मेने जो कदौरा नगर पंचायत के सामने अतिक्रमण किया रखा है डाला मैंने उसके लिए उसको अवगत कराया कि आप इस ढाले को हटा लीजिए ईओं वेद प्रकाश यादव और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के कहने के बाद उक्त दबंग ने नगर पंचायत कदौरा के सामने अतिक्रमण किए रखा ढाला नहीं हटाया। दबंग के इतने हौसले बुलंद की नगर पंचायत प्रतिनिधि रविकांत शिवहरे और ईओं वेद प्रकाश यादव की आदेशों की भी धज्जियां उड़ाते हुए नगर पंचायत कदौरा के सामने किए हैं अतिक्रमण।

**शासन प्रशासन क्यों क्यों कमजोर पड़ रहा है अतिक्रमण हटवाने में**

कदौरा/ कदौरा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविकांत शिवहरे और ईओं वेद प्रकाश यादव के कहने बाद भी नहीं हटा रखा ढाला। अब देखना यह है क्या कदौरा नगर पंचायत के सामने रखा है ढाला किस हद तक हटाने में कामयाब होता है या नहीं या फिर अतिक्रमण करने वाले के हौसले बुलंद है।

## महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से दी जानकारी

संवाददाता

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार कों मिशन शक्ति फेज 4 के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम जनता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उरई में आयोजित की गई। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य योजना के तहत तथा महिलाओं व बालिकाओं के लिए महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई ।वही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बेटियों को जागरुक करते हुए समाज में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जहां महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटियों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की पात्रता से जहां बेटियों को अवगत कराया गया वहीं दूसरी ओर समाज में घरेलू हिंसा तथा हिंसा से प्रभावित महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 181 महिला हेल्पलाइन तथा वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक अंजना द्वारा दी गई ।अंजना ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब बेटियों और महिलाओं को डरने की आवश्यकता नहीं है उनके लिए प्रदेश सरकार की 181 महिला हेल्पलाइन तथा 1098 चाइल्डलाइन ऐसा सुरक्षा कवच है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अलकमा अख्तर ने बताया कि आपको हर कदम पर सरकार सुविधा देने के लिए खडी है चाहे वह प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना हो, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना हो ,मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हो चाहे पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना हो जिसकी जानकारी के बाद आप घर परिवार व समाज के पीड़ित महिलाओं व बालिकाओं को सरकार की इस योजना से आच्छादित करवा करके समाज को व परिवार को आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर कर सकते हैं। वहीं बाल संरक्षण सेवाओं से रचना ,नीतू तथा विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों ने प्रतिभा किया ।अंत में बालिकाओं को कन्या भ्रूण हत्या रोकने तथा बाल विवाह को न होने देने के लिए शपथ दिलाई गई।

## बिनौरा में मां निरंकारी माता के मंदिर पर दिखा अद्भुत नजारा

### हर माह की तिथी चौथ एवं एकादशी के दिन को लगता है माता रानी का दरवार

संवाददाता



**एट (जालौन)।** विगत कई वर्षो से ग्राम बिनौरा स्थित मां निरंकारी देवी का स्थान श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना हुआ है। बताया जाता है कि यहाँ जो भी श्रद्धा भाव से आता है उसकी सभी मनोकामनायें पूर्ण होती हैं। कहा जाता है कि माता रानी भगत जी के माध्यम से स्वयं ही भक्तों के कष्टों का निवारण करती हैं। कार्तिक मास चौथ दिन माता रानी मन्दिर के भगत श्री लालसिंह यादव ने बताया कि जो भी श्रध्दालू आस्था लेकर माता रानी के दरवार मे आता है उसकी सारी मनोकामनाए पूर्ण होती है इस दिन भगत जी को मां निरंकारी देवी उन्हें प्रेरणा देती हैं। कि जो भी श्रध्दालू हमारे दरवार मे माथा टेकता एवं इच्छा लेकर आता है मातारानी उन भक्तो की मनोकामनाए पूर्ण करती है और हजारों श्रद्धालु यह दृश्य देखकर स्तब्ध रह गए। मां निरंकारी की जय के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। अब इसे माता रानी की कृपा कहें या भगत जी जैसे साधक की साधना हजारों श्रद्धालुओं के साथ इन अद्भुत पलों के साक्षी रहे। मन्दिर के कार्यकर्ता-उमाशंकर प्रजापति, मुहरसिंह दाऊ, मन्दिर के पुजारी कुन्दन कुशवाहा, ,इन्द्रजीत,जयप्रकाश, मूलचरन ,रामाधर पांचाल,नरेन्द्र कुशवाहा,प्रिंश कुशवाहा ,राकेश पाल,भूपेन्द्र सिंह, बिबेक ,दामोदर, अतुल राठौर,नीरज प्रजापति,पुष्प्राज कुशवाहा, होमसिंह यादव,शिंवम कुशवाहा नीरज मौहित मानविन्द आदि कमेटी बिनौरा।

### यातायात माह नवंबर 2023 के तहत यातायात जालौन पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग कर 159 वाहनों का चलन काट वाहन चालकों को किया जागरूक

संवाददाता

**उरई जालौन।** यातायात माह नवम्बर-2023 के तहत यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर जनपद के विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग की गयी चैकिंग के दौरान सीट वेल्ट,बिना हेलमेट,बाईक पर तीन सवारी ,वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ,जाति सूचक शब्द आदि लिखने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गयी, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 159 वाहनों का चालान किया गया । साथ ही आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया ।

# सत्ता के संग्राम में नरसिंहपुर की महिलाओं ने रखी अपनी बात, जानिए कौन से मुद्दे रहे खास

संवाददाता



**नरसिंहपुर।** चुनावी मुद्दों पर खुलकर चर्चा करने के लिए अमर उजाला की टीम महिलाओं के बीच पहुंची। %सत्ता के संग्राम% में महिलाओं ने अपने मुद्दे रखे। मध्यप्रदेश में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। कांग्रेस ने प्रदेश की 230 तो भाजपा ने 228 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। आगामी 17 नवबंर को प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। चुनाव से पहले अमर उजाला का चुनावी रथ सत्ता का संग्राम प्रदेशभर के मतदाताओं का मन टटोलने निकला है। आज हमारा कारवां नरसिंहपुर की महिलाओं के बीच पहुंचा, जहां महिलाओं से चर्चा कर उनके मुद्दे जानने की कोशिश की गई। नरसिंहपुर में महिलाओं और बेटियों की रोजमर्रा की समस्याओं पर चर्चा करने अमर उजाला का रथ नरसिंहपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचा। यहां एक दीदी कैफे मिला। इस कैफे को चलाने वाली महिलाएं यहां काम करने वाले लोगों को स्वादिष्ट खाना खिलाती हैं। ये महिलाएं अपने घर को भी संभालतीं हैं और बाहर से आने वाले लोगों की भूख का ध्यान रखती हैं। इस कैफे की इन दीदियों से ही नरसिंहपुर में महिलाओं और बेटियों की उन समस्यायों पर चर्चा की गई, जिनमें थोड़े से सुधार से ही चीजें काफी हद तक आसान हो सकती हैं।

**हर पंचायत में एक भवन समूह बैठक के लिए होना चाहिए**

लक्ष्मी सहायता समूह की अध्यक्ष सुषमा रेकवार से सवाल किया गया कि नरसिंहपुर में महिलाओं से जुड़ी ऐसी क्या समस्या है जिस पर बात होनी चाहिए और सुधार होना चाहिए? इस सवाल पर उन्होंने कहा कि हम महिलओं के लिए बैठक और चर्चा करने के लिए उचित स्थान होना चाहिए, जहां हम अपनी बात खुलकर रख सकें। हर पंचायत में एक भवन समूह बैठक के लिए होना चाहिए। महिलाओं को और भी समस्याओं को ध्यान में रखना चाहिए। शौचालए आदि का भी प्रबंध होना चाहिए।

**समूह बनने के बाद उन्नति हुई**

ग्राम डोंगर गांव की रहने वाली दीदी हुसैन ने बताया कि वो तीन संगठनों की सचिव हैं। उनसे भी महिलाओं की समस्या के संबंध में जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि समूह की जो दीदी हैं वो बहुत गरीब हैं। साहूकार से पैसे लेकर काम चलाती थीं। समूह बनने के बाद उन्नति हुई। दीदी लोगों की मदद मिलने लगी उनकी जरूरतें समूह के लोग मिलकर पूरी करने लगे। जो महिलाएं घर से बाहन नहीं निकलती थी वो अब बाहर निकलने लगीं। बैंक जाने लगीं। अपना खुद का काम करने लगीं। अब तो खुद पर निर्भर होने लगी हैं।

# इंदौर संभाग की चार सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला

## नहीं माने चौहान, दरबार, डावर और यादव

एजेंसी

**इंदौर।** खंडवा के सांसद रहे नंदकुमार चौहान के बेटे हर्ष चौहान ने अपने पिता की राजनीतिक अदावत को बरकार रखा। वे बुरहानपुर से भाजपा के बागी बनकर चुनाव मैदान में है। उन्हें वरिष्ठों ने मनाने की कोशिश की थी, लेकिन वे नहीं माने। इंदौर संभाग की चार सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के बागियों ने पीछे हटने से इनकार किया और अब बुरहानपुर, धार, जोबट और महू सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार है, जबकि अन्य चार सीटों पर दोनो दल अंसतुष्टों को मनाने में सफल रहे। पूर्व भाजपा विधायक रंजना बघेल, कांग्रेस के पूर्व विधायक जेवियर मेढ़ा ने नामांकन वापस ले लिया है। दोनो से राष्ट्रीय स्तर के नेताओं ने सीधे चर्चा की थी।

**नहीं माने हर्ष चौहान**



खंडवा के सांसद रहे नंदकुमार चौहान के बेटे हर्ष चौहान ने अपने पिता की राजनीतिक अदावत को बरकार रखा। वे बुरहानपुर से भाजपा के बागी बनकर चुनाव मैदान में है। उन्हें वरिष्ठों ने मनाने की कोशिश की थी, लेकिन वे नहीं माने। इस सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में भी त्रिकोणीय मुकाबला था और कांग्रेस के बागी सुरेंद्र सिंह शेरा चुनाव जीत गए थे। इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला है।

**महू में त्रिकोणीय मुकाबला**

महू विधानसभा सीट पर भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए रामकिशोर शुक्ला के टिकट का विरोध कर रहे पूर्व कांग्रेस विधायक अंतर सिंह दरबार ने नामांकन वापस नहीं लिया। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और बागी उम्मीदवार के रुप मे मैदान में बने है। अब महू में त्रिकोणीय मुकाबला होगा। भाजपा ने दोबारा उषा ठाकुर को टिकट दिया है। दरबार लगातार तीन बार महू सीट से चुनाव हार चुके थे और इस बार भी टिकट मांग रहे थे।

**जोबट में पूर्व विधायक डावर ने ठोकी ताल**

जोबट विधनासभा सीट पर भाजपा के पूर्व विधायक माधो सिंह डावर ने भाजपा उम्मीदवार विशाल रावत के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। उन्होंने नामांकन वापस नहीं लिया और निर्दलीय चुनाव लड़ रहे है। वे भाजपा उम्मीदवार विशाल रावत की उम्मीदवारी का विरोध कर रहे है।

**धार में कांग्रेस और भाजपा के बागी मैदान में**

धार विधानसभा सीट पर कांग्रेस के बागी कुलदीप बुंदेला और भाजपा के बागी राजीव यादव ने नामांकन वापस नहीं लिया, हालांकि यादव पर नामांकन वापसी का जर्बजस्त दबाव रहा, लेकिन वे नहीं माने। मनावर सीट से पूर्व मंत्री रंजना बघेल ने नामांकन वापस ले लिया है। उनसे इंदौर में अमित शाह ने बात की थी। इसके अलावा झाबुआ सीट से कांग्रेस के पूर्व विधायक जेवियर मेड़ा ने भी नामांकन वापस ले लिया है। रणदीप सुरजेवाला उन्हें लेकर दिल्ली गए थे और बड़े नेताओं से चर्चा के बाद वे मान गए। बदनावर सीट से कांग्रेस नेता अभिषेक बना टिंकू भी मैदान से हट गए है। इसके अलावा तीन नंबर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता अखिलेश शाह ने भी नामांकन वापस ले लिया है।

# एक नज़र

## ट्यूशन फीस के लिये गर्दन् कट गई

एजेंसी



**भुबनेर्स्व।** भुवानेश्वर डिप्टी कमीशनर ने कहा , शुभम घर पर एक कमरे में अकेला बैठकर पढ़ रहा था। ऊपर शुभम् के पिता और बहन पढ़ रहे थे। और शुभम की माँ खाना बना रही थी. उसी समय शुभम् की चीख सुनाई दी। शोर सुनकर माँ और बहन नीचे दौड़कर आई। तभी एक युवक ने उन दोनों को भागते हुए देख लिया.और घर खून से भर गया. उसके पेट में चाकू मारा गया और उसकी गर्दन काट दी गयी. पास में ही चाकू पड़ा था।परिजनों ने शुभम् को गंभीर हालत में बचाया और झुरड़ा मेडिकल सेंटर ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## भाजपा ने उतारे देश विदेश के कार्यकर्ता, अपने तरीके से गुपचुप प्रचार-प्रसार में जुटे

एजेंसी



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के लिए विदेश से भी कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इसके साथ ही पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मध्यप्रदेश में सक्रिय हैं। भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव में अपनी एक विशाल फौज खड़ी कर दी है। एक तरफ बड़े दिग्गज नामी नेताओं ने कमान संभाल रखी है तो वहीं दूसरी ओर ये कार्यकर्ता गुपचुप तरीके से प्रचार को आगे बढ़ा रहे हैं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने सिर्फ मध्य प्रदेश के ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग देशों और भारत के अलग-अलग राज्यों से भी कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। ये सभी अपने अपने माध्यम से प्रदेश में हो रहे चुनाव में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। जहां विदेश से कार्यकर्ता फोन पर संपर्क साध कर भाजपा के लिए वोट जुटा रहे हैं, वहीं पड़ोसी राज्यों से आए कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर भाजपा के पक्ष में वोट मांग रहे हैं।

**इन देशों से कार्यकर्ता सक्रिय**

विदेश से भी बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता चुनाव मैदान में सक्रिय हैं। इनमें यूएसए, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, यूके, बहरीन, कुवैत, जापान, यूएई, सिंगापुर, पोलैंड, हांगकांग, नाइजीरिया, नॉर्वे, डेनमार्क, मलेशिया, कनाडा, केन्या, रूस और दक्षिण अफ्रीका जैसे देश के कार्यकर्ता शामिल हैं। ये सभी फोन के माध्यम से प्रदेश के मतदाताओं को साधने का काम कर रहे हैं।

**इन राज्यों से भी आए कार्यकर्ता**

चुनाव में महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तरप्रदेश से आई महिला कार्यकर्ता प्रदेश की सभी विधानसभाओं में स्वसहायता समूह और लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों से संपर्क कर रही हैं। ये सभी भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए गये कार्यों को लेकर घर घर पहुंच रही हैं।

## सदिगध हालातों में गांव सियाना के युवक का पेड से लटकता मिला शव

### पुलिस ने पोसटमार्टम करवाने के उपरांत शव वारिसों के हवाले किया

एजेंसी



नवांशहर /बलाचौर। बलाचौर में पड़ते गांव सियाना के नौजवान की संदगिध हालातों में खेतों में एक पेड से लकटता हुए शाव मिलने का मामला सामने आया है। नौजवान की मौत कतल है या खुदकशी यह लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अगलेरी कारवाई शुरु करते हुए शव को कबजे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए बलाचौर के सरकारी अस्पताल में रखवा दिया। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सियाना का नौजवान अवतार सिंह (30) जो पिछले लंबे समय से ड्रामा पार्टी में काम करता था। बीते दिन वह घर से अपने भाई रामजी दास को यह कह कर चला गया कि वह गांव में मौजूद मोबाइल फोन की दुकान से आईडी बना के वापस ओगा। मगर जब वह देर तक वापस नही आया तो परिवारिक सदस्यों दरा उसकी तलाश करनी शुरु कर दी। परिवारिक सदस्यों दरा वार वार उस को उस के मोबाइल फोन पर संपर्क करने की कोशिश की मगर उस के साथ संपक4 नही हो सका। अखिर उन्होने दरा पुलिस को लापता होने के बारे में बताया। जब अवतार सिंह की भाल करने शुरु की तो उसका शव घर से कुछ दुरी पर पेड से लटकता हुआ मिला। अवतार सिंह के पिता राम नाथ ने बयान और पुलिस दरा मामला दर्ज करके अगली कारवाई शुरु कर दी। थाना सिटी बलाचौर के एसएचओ मंजीत सिंह ने बताया कि नौजवान की संदिगध हालातों में मौत को लेकर पुलिस बारीकी से जांच करने में जुट गई है। उन्होने कहा कि जो भी तथ्य सामने आऐगे उसी के आधार पर कारवाई की जाएगी।

# आप सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को दी गई गारंटी विफल- जसवीर सिंह गढ़ी

❖ टाट पर बैठने वाले बहुजन समाज को डॉ. अम्बेडकर ने सत्ता हासिल करने का लक्ष्य दिया - जसवीर सिंह गढ़ी।

संवाददाता

**नवांशहर।** दलित पिछड़े वर्ग के 13 सवालों को लेकर आज बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने जालंधर में जबरदस्त प्रदर्शन किया और राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। इस मौके पर बसपा कार्यकर्ताओं की एक बड़ी भीड़ ने अपने-अपने घरों से लाए गए बोरों पर बैठकर पंजाब सरकार के खिलाफ चौबीसों घंटे प्रदर्शन किया। एस गढ़ी ने कहा कि आप सरकार द्वारा अनुसूचित जाति को दी गई गारंटी फेल हो गई है। हड़ताल मुक्त पंजाब, नशा मुक्त पंजाब और कर्ज मुक्त




पंजाब की गारंटी का ढोल टूट गया है। एस गढ़ी ने कहा कि डा. अंबेडकर ने टाट पर बैठे बहुजन समाज को सत्ता दिलाने का लक्ष्य दिया। इस मौके पर पंजाब सरकार से उन 15 सवालों के जवाब मांगे गए जिनमें समाज के सभी छात्रों को मुफ्त शिक्षा नहीं दी गई। आईएएस, पीसीएस, नेट, आईआईटी, ईटी कोर्स के लिए मुफ्त कोचिंग क्यों नहीं दी गई? समाज के विद्यार्थियों के विदेश जाने का सारा खर्च सरकार ने क्यों नहीं उठाया?महिलाओं को 1000/रुपये प्रति माह क्यों नहीं दिये? सरकार बीमारियों से पीड़ित लोगों का सारा खर्च क्यों नहीं उठाती? सफाई कर्मचारियों को स्थाई क्यों नहीं किया जाता? गरीबों को 5/5 मरले के प्लॉट क्यों नहीं मिले? राज्यसभा में एक भी अनुसूचित जाति का सदस्य क्यों नहीं चुना गया? अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष क्यों नहीं नियुक्त किया गया? आयोग के सदस्यों की संख्या 10 से घटाकर 5 क्यों कर दी गई? सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष से घटाकर 3 वर्ष क्यों किया गया? विधि अधिकारियों की भर्ती में एक भी अनुसूचित जाति के वकील का चयन क्यों नहीं किया गया? मजदूरों के काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 घंटे क्यों किये गये? अनुसूचित जाति के लिए उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने का वादा क्यों नहीं पूरा करते? छात्रों की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना को और मजबूत करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों को देय 1500 करोड़ से अधिक की राशि जारी क्यों नहीं करते? ओबीसी वर्ग के लिए जातीय जनगणना सरकार के एजेंडे में क्यों नहीं है? मंडल आयोग की रिपोर्ट के तहत ओबीसी वर्ग के लिए नौकरियों और शिक्षा में 27त्न आरक्षण क्यों लागू नहीं किया गया? विधायक डॉ. नछतर पाल जी ने कहा कि श्री भगवंत मान जी को पूंजीवादी राजनीतिक पार्टियों की निमंत्रण बैठक में पानी के मुद्दे पर बहुजन समाज को जवाब देना चाहिए, जहां गरीबों, दलितों, पिछड़ों के लिए कोई कुर्सी आरक्षित नहीं की गई है। क्या बहुजन समाज को आमंत्रित किया गया है. प्रदेश प्रभारी श्री अजीत सिंह भैनी ने पिछड़े वर्ग से एकजुट होने की अपील की। मंच का संचालन श्री बलविंदर कुमार ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. नछत्तर पाल, श्री अजीत सिंह भैणी, श्री गुरलाल सेला, श्री गुरनाम चौधरी, ठेकेदार राजिंदर सिंह, बलविंदर कुमार, जसवंत रॉय, परमजीत मल्ल, लाल चंद औजला, तरसेम थापर, तीर्थ राजपुरा, बलविंदर बिट्टा , राकेश दातारपुर, जगदीश दिशा, जगदीश शेरपुरी, डॉ. मक्खन सिंह, मा अमरजीत झलूर, बलविंदर राल, मा ओम प्रकाश सरोय, बलविंदर राल, एडवोकेट बलदेव राल, निर्मल कौर, जसवीर कौर आदि मौजूद थे।

# चेयरमैन सतनाम सिंह जलवाहा को आप पार्टी ने हल्का पायल के नगर परिषद चुनाव का पर्यवेक्षक नियुक्त कर बड़ी जिम्मेदारी दी है

एजेंसी

**नवांशहर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान एवं संगठन प्रभारी डॉ. संदीप पाठक ने चेयरमैन सतनाम सिंह जलवाहा को हल्का पायल का पर्यवेक्षक नियुक्त करते हुए नगर निगम चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है. कुछ दिन पहले केंद्रीय नेतृत्व ने चेयरमैन सतनाम जलवाहा को हरियाणा विधानसभा प्रभारी के तौर पर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी. आज उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी ने जो भरोसा और विश्वास उन्हें दिया है, उस भरोसे के साथ वे इन जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी, ईमानदारी और समर्पित भावना से निभाएंगे. जलवाहा ने कहा कि मालूद, पायल निर्वाचन क्षेत्र में



होने वाले नगर परिषद चुनाव में पार्टी केवल अच्छे दिखने वाले, शिक्षित, मेहनती, जुझारू और ईमानदार सोच वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। चेयरमैन सतनाम सिंह जलवाहा ने कहा कि पायल हलके के विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा और पायल हलके के सभी नेता, पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष और वालंटियर साथी पार्टी को जमीनी स्तर और नगर परिषद मालूद में मजबूत करने के लिए अपनी जिम्मेदारी पूरी लगन से निभाएंगे। चुनाव में पार्टी को बड़ी जीत मिलेगी. जलवाहा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा, संगठन प्रभारी और राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक, पंजाब संगठन प्रभारी जरनैल सिंह और पूरे केंद्रीय और पंजाब नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वह ऐसा करेंगे। इस जिम्मेदारी को पूरी मेहनत और ईमानदारी से निभाएं।

# लैमरिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी पंजाब में करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




एजेंसी

**नवांशहर /काठगढ़।** यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, लेमारिन टेक स्किल्स यूनिवर्सिटी, पंजाब ने करवा चौथ के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने अलग-अलग थीम पर खूबसूरत डिजाइन बनाए। इस आयोजन को चार प्रतियोगिताओं में वर्गीकृत किया गया है जैसे पारंपरिक मेहंदी, समकालीन मेहंदी, नेल आर्ट और लड़कों के लिए विशेष आश्चर्य प्रतियोगिता। प्रतियोगिता इवेंट कोऑर्डिनेटर सुखविंदर कौर की देखरेख में आयोजित की गई। धामी (डीन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग)। उन्होंने स्टाफ को करवा चौथ पर्व की बधाई दी।पारंपरिक मेहंदी प्रतियोगिता में उत्पतिश्री, अंशिका भट्ट, अंजलि ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा समसामयिक मेहंदी प्रतियोगिता में महक सिंह ने प्रथम पुरस्कार और आदर्श पांडे, दिव्यांश शर्मा, सुबोध कुमार रॉय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। , राम खिपला, साड़ी ड्रेपिंग, पेपर फोल्डिंग डांस, गेस द लिरिक्स, पेपर फोल्डिंग डांस क्रमशः आकांशा मिश्रा, संदीप कौर ने जीता। सुश्री मीनाक्षी शर्मा और श्री मनकरनजीत सिंह लड़कों की प्रतियोगिता के निर्णायक थे और डॉ. रूपिंदर कौर, सुश्री सोनिया शर्मा मेहंदी प्रतियोगिता की निर्णायक थीं। इस प्रतियोगिता में श्रीमती दीपिका, स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में खेल समिति के श्री मनकरनजीत सिंह एवं श्रीमती पूजा एवं श्रीमती खुशी राज (छात्र समन्वयक) ने अधिक योगदान दिया। एलटीएसयू पंजाब के चांसलर डॉ. संदीप सिंह कौरा ने करवा चौथ पर्व की बधाई दी और इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा किए गए आयोजन की सराहना की।

# ईडी के सामने पेश नहीं हुए सीएम केजरीवाल

## बोले- नोटिस अवैध और राजनीतिक, मुझे रोकने की कोशिश

एजेंसी

**दिल्ली-एनसीआर।** दिल्ली के कथित शराब घोटाला से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने ईडी के समन पर कहा कि ये नोटिस अवैध और राजनीति से प्रेरित है। फिलहाल, केजरीवाल मध्य प्रदेश में पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे हैं। दिल्ली के कथित शराब घोटाला से जुड़े धन शोधन मामले में बीते दिनों प्रवर्तन निदेशालय की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया गया। जिसके बाद उन्हें आज दो नवंबर को ईडी कार्यालय में पेश होना था। लेकिन धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए सीएम नहीं पहुंचे। बयान के बाद मुख्यमंत्री पार्टी की ओर से चुनाव प्रचार के लिए मध्य प्रदेश पहुंचे हैं। उन्होंने समन को अवैध और राजनीति से प्रेरित बताया है।

**आज पेश नहीं हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय को जवाब दिया है। सीएम केजरीवाल ने कहा कि समन का नोटिस अवैध और राजनीति से प्रेरित है। नोटिस भाजपा के इशारे पर भेजा गया है। नोटिस यह सुनिश्चित करने के लिए भेजा गया है कि मैं चार राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए न जा सकूं। ईडी को तुरंत नोटिस वापस लेना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि आप का राष्ट्रीय संयोजक और एक स्टार प्रचारक होने के नाते मुझे चुनाव



प्रचार के लिए यात्रा करनी पड़ती है और आप के अपने क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को राजनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करना पड़ता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में, मैं शासन और आधिकारिक प्रतिबद्धताएं हैं, जिनके लिए मेरी उपस्थिति आवश्यक है।

**सीएम के ईडी ऑफिस में पेश न होने पर क्या बोले संबित पात्रा**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा प्रवर्तन निदेशालय को भेजे गए जवाब पर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने निशाना साधा। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि आखिर क्या कारण अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट के कहने के बावजूद ये केस जल्द ही समाप्त हो इसपर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मुझे तो आश्चर्य है कि उन्होंने अपनी चिट्ठी में लिखा है कि दिवाली आ रही है इसलिए मुझे छूट दी जाए। इसका मतलब जांच एजेंसी केजरीवाल से पूछताछ ही न करे। क्योंकि कभी होली है तो कभी दीवाली है। इससे साफ लगता है कि चोरी हुई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा श्वष्ठ को भेजे गए जवाब पर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, ÷... क्या कारण है कि अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट के कहने के बावजूद ये केस जल्द ही समाप्त हो इसपर ध्यान नहीं दे रहे हैं... मुझे तो आश्चर्य है कि उन्होंने( अरविंद केजरीवाल)

**विधानसभा चुवान के प्रचार में व्यस्त हैं मुख्यमंत्री**

जानकारी के लिए बता दें कि अभी राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव को देखते हुए सभी पार्टियां प्रचार में जुटी हैं। इसी बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मध्य प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे हैं। आज ही उन्हें ईडी कार्यालय में पेश होना था। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 3 और 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ में रहेंगे। इसके अलावा 5 नवंबर को हरियाणा में सीएम का कार्यक्रम है। ऐसे में व्यस्त कार्यक्रम की वजह के सीएम ईडी के सामने पेश नहीं हो सकते हैं।

**क्या ईडी की चार्जशीट में है अरविंद केजरीवाल का नाम**

दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में मनी लांड्रिंग की जांच कर रही ईडी ने अपनी चार्जशीट में कई बार अरविंद केजरीवाल के नाम का जिक्र किया है। ईडी ने दावा किया कि आबकारी नीति आप के शीर्ष नेताओं द्वारा बनाई गई थी, ताकि लगातार अवैध धन कमा कर खुद तक पहुंचाया जा सके।






# अफगानिस्तान की विश्व कप में लगातार तीसरी जीत

## नीदरलैंड को 7 विकेट से हराया, सेमीफाइनल की रेस में बरकरार, रहमत-शहीदी की फिफ्टी




**एजेंसी**

**लखनऊ।** अफगानिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। टीम ने शुक्रवार को नीदरलैंड को 7 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड की टीम 46.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। 180 रन का टारगेट अफगानिस्तान के बल्लेबाजों ने 31.3 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत से अफगानिस्तान सेमीफाइनल की रेस में बरकरार है। टीम 7 मैचों में चौथी जीत से पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। अफगानिस्तान की झोली में 8 अंक हैं। टीम ने पिछले 2 मुकाबलों में श्रीलंका को 7 और पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया था। अफगानी टीम से कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी ने 56 और रहमत शाह 52 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। इनसे पहले मोहम्मद नबी ने 3 विकेट लिए।

**पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आया अफगानिस्तान, नीदरलैंड लगभग बाहर**

अफगानिस्तान की टीम लगातार तीसरी जीत के साथ पॉइंट्स टेबल में 5वें नंबर पर आ गई है। जबकि नीदरलैंड लगातार दूसरी हार से बाहर होने की कगार पर है। 34वें मैच के बाद पॉइंट्स टेबल में अफगानिस्तान के 8 पॉइंट्स हैं, जबकि नीदरलैंड 4 पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर है। डच टीम को सेमीफाइनल में बने रहने के लिए आखिरी दोनों मुकाबले जीतने होंगे। लेकिन टीम के मैच इंग्लैंड और भारत से बाकी हैं, दोनों ही मैच जीतना उनके लिए मुश्किल होंगे। जबकि अफगानिस्तान के 2 मैच साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से बाकी हैं, दोनों मैच में जीतने पर 12 पॉइंट्स के साथ टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें ज्यादा रहेंगी। एक भी मैच हारने पर चांस कम हो जाएंगे और दोनों मैच हारने पर टीम लगभग बाहर ही हो जाएगी।

**पावरप्ले में अफगानिस्तान 50 पार, एक झटका भी लगा**

180 रन का टारगेट चेज करने उतरी अफगानी टीम ने अच्छी शुरुआत की। टीम ने पहले 10 ओवर में एक विकेट पर 55 रन बनाए। ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें लॉगन वान बीक ने कॉट बिहाइंड कराया। 27 रन पर पहला विकेट गंवाने के इब्राहिम जादरान और रहमत शाह ने रन रेट कम नहीं होने दिया। 10वें ओवर में रहमत ने मीकरन की बॉल पर 3 चौके जमाकर टीम का स्कोर 50 पार पहुंचाया। रहमत ने वनडे करियर के 3500 रन भी पूरे कर लिए।

**नीदरलैंड 179 रन पर ऑलआउट, 4 बल्लेबाज रनआउट हुए**

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में डच टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.3 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। सायब्रांड एंगलब्रेक्ट ने ??????58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी ने 3 और नूर अहमद ने 2 विकेट लिए।

**डेथ ओवर में 12 रन बनाने में दो विकेट**

पावरप्ले के बाद शुरू हुआ विकेट पतन का सिलसिला डेथ ओवर तक जारी रहा। नीदरलैंड की टीम ने डेथ ओवर के 6.3 ओवर में दो विकेट खोकर 12 रन बनाए। नीदरलैंड की टीम 179 रन पर ऑलआउट हो गई।

**मिडिल ओवर में तालमेल नहीं बना सके डच बल्लेबाज, 4 रनआउट हुए**

पावरप्ले में पहले झटके से उबरने के बाद नीदरलैंड की पारी मिडिल ओवर में बिखर गई। टीम के बल्लेबाज 11वें से 40 ओवर के बीच आपस में तालमेल नहीं बैठा सके। इस दौरान टीम के 4 बैटर्स रनआउट हुए। हालांकि, लगातार गिरते विकेट्स के बीच सायब्रांड एंगलब्रेक्ट ने 58 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। बाद में वे भी रनआउट हुए। इस विकेटपतन का सिलसिला 12वें ओवर में ओपनर मैक्स ओ%डाउड (42 रन) के रनआउट से शुरू हुआ। टीम ने बीच के 30 ओवर में 101 रन बनाने में 7 विकेट गंवा दिए। 40 ओवर के बाद डच टीम का स्कोर 167/8 रहा।

**पावरप्ले में नीदरलैंड**

वेज्ली बारेसी मैच के पहले ओवर की 5वीं बॉल पर एक रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें मुजीब उर रहमान ने स्ज्ञ्ङ्ख किया। 3 रन के टीम स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद ओपनर मैक्स ओ%डाउड ने कॉलिन एकरमैन के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करके नीदरलैंड का स्कोर 70 पार पहुंचाया। पहले 10 ओवर में नीदरलैंड टीम ने एक विकेट पर 66 रन बनाए।

दोनों टीमों में एक-एक बदलाव हुआ। नीदरलैंड में विक्रमजीत सिंह की जगह वेज्ली बारेसी और अफगानिस्तान में नवीन-उल-हक की जगह नूर अहमद को मौका मिला।

दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

अफगानिस्तान ः हशमतुल्लाह शहीदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रहमत शाह, मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह ओमरजई, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद और फजलहक फारूकी।

नीदरलैंडः स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान और विकेटकीपर), वेज्ली बारेसी, मैक्स ओ%डाउड, कॉलिन एकरमैन, सायब्रांड एंगलब्रेक्ट, बास डे लीडे, साकिब जुल्फिकार, लॉगन वान बीक, रूलोफ वान डर मेर्व, आर्यन दत्त और पॉल वान मीकरन।

# अफगानिस्तान की जीत ने बढ़ाई पाकिस्तान की मुश्किल

## अब क्या हैं सेमीफाइनल के समीकरण

**एजेंसी**






**नई दिल्ली।** भारत पहले सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुका है। वहीं, दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में जगह बनाने से सिर्फ एक जीत दूर है। ऐसे में पाकिस्तान की किस्मत न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खेल पर निर्भर करती है।

विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को लखनऊ में नीदरलैंड को सात विकेट से हराया। इस आसान जीत के साथ ही इस टीम ने सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी संभावना मजबूत कर ली। अफगानिस्तान की यह चौथी जीत थी और उसने अंक तालिका में पाकिस्तान को पछाड़कर आठ अंकों के साथ पांचवां स्थान हासिल कर लिया। अब सात मैचों के बाद इस टीम के भी न्यूजीलैंड के समान ही अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के मामले में कीवी टीम आगे है। ऑस्ट्रेलिया आठ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, लेकिन उसने केवल छह मैच खेले हैं। अफगानिस्तान को अब ग्रुप चरण के अपने आखिरी दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का सामना करना पड़ेगा और दोनों मैचों में जीत मिलने पर उसके 12 अंक हो जाएंगे। अगर न्यूजीलैंड भी अपने बाकी दोनों मैच जीत जाता है तो दोनों टीमें बराबरी पर रहेंगी और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम का फैसला नेट रन रेट से ही होगा।

अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने मुकाबले हारती है तो न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान दोनों सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के तीन मैच बचे हैं और उनमें से एक मैच शानदार लय में चल रहे अफगानिस्तान के खिलाफ होगा। हालांकि, शुक्रवार को हुए मैच से पाकिस्तान के लिए अच्छी खबर नहीं आई। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम के सात मैचों में छह अंक हैं और यदि वे अपने शेष दोनों मैच जीतते हैं तो वे अधिकतम 10 अंक तक पहुंच सकते हैं। इस स्थिति में प्रतियोगिता में उनका भविष्य पूरी तरह से इस पर निर्भर करेगा कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान अपने शेष मैचों में कैसा प्रदर्शन करते हैं। पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने का एक ही तरीका यह है कि उसका नेट रन रेट न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान से बेहतर हो, तभी यह टीम सेमीफाइनल में पहुंच पाएगी। इसके लिए पाकिस्तान को अपने दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

भारत 14 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है जबकि दक्षिण अफ्रीका 12 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

# दिवाली पर बना रहे घूमने का प्लान तो लिस्ट में शामिल करें ये जगहें, खास हो जाएगी आपकी ट्रिप


दिवाली पर कई दिनों की छुट्टियां मिलती हैं। ऐसे में कई लोग इन दिनों में वेकेशन प्लान कर लेते हैं। क्योंकि लोग अक्सर इस बीच मिलने वाली छुट्टियों में शनिवार और संडे को भी शामिल कर लेते हैं। हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप दिवाली इंज्वॉय कर सकते हैं। दिवाली पर कई दिनों की छुट्टियां मिलती हैं। ऐसे में कई लोग इन दिनों में वेकेशन प्लान कर लेते हैं। क्योंकि लोग अक्सर इस बीच मिलने वाली छुट्टियों में शनिवार और संडे को भी शामिल कर लेते हैं। ऐसे में घूमने के शौकीन लोग पांच या सात दिन का वेकेशन प्लान कर लेते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस दिवाली की छुट्टियों पर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो बता दें हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप दिवाली इंज्वॉय कर सकते हैं और साथ ही अपनी छुट्टियां भी मना सकते हैं। तो आइए जानते हैं इन जगहों के बारे में...

अयोध्या

आपको बता दें कि अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मस्थली है। जिसके कारण यहां पर दिवाली पर कुछ अलग ही रौनक देखने को मिलती है। दिवाली के मौके पर अयोध्या नगर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है। बता दें कि दिवाली के मौके पर यहां एक साथ तीन लाख दिए जलाए गए थे। यह गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल हो गया था। ऐसे में आप दिवाली के मौके पर अयोध्या घूमने के लिए आ सकते हैं।

अमृतसर

वैसे तो अमृतसर मुख्य तौर पर गोल्डन टेंपल के लिए जाना जाता है। लेकिन अमृतसर में दिवाली का पर्व बेहद अलग अंदाज में मनाया जाता है। अगर आप भी दिवाली की छुट्टियों में अमृतसर जाने का प्लान बना रहे हैं। तो बता दें कि यहां पर आप होने वाली आतिशबाजी का लुत्फ भी उठा सकते हैं। दिवाली पर जलने वाले दिए, लाइटें और आतिशबाजी माहौल को बहुत ज्यादा खूबसूरत बना देती हैं।



वाराणसी


वाराणसी हिंदू के लिए बेहद खास जगह है। ऐसे में दिवाली की छुट्टियों में आप वाराणसी घूमने का प्लान बना सकते हैं। यहां पर रात भर होने वाली आतिशबाजी का लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें कि दिवाली के मौके पर आपको वाराणसी में गंगा आरती में शामिल होना चाहिए। गंगा आरती के बाद घाटों पर दिए और मोमबत्ती जलाए जाते हैं। फिर इन दियों को गंगा में बहाया जाता है। नदी में जलते हुए दियों को देखने का अलग ही नजारा होता है।

उदयपुर

दिवाली मनाने के लिए उदयपुर भी एक लोकप्रिय जगह है। दिवाली के मौके पर उदयपुर को रोशनी और आतिशबाजी से सजाया और रोशन किया जाता है। यह पिछोला झील के ऊपर रिफ्लेक्ट होता है। इसके अलावा आप यहां पर उदयपुर लाइट फेस्टिवल में भी शामिल हो सकते हैं। उदयपुर लाइट फेस्टिवल सरकार द्वारा आयोजित किया जाता है।

# इस फेस्टिव सीजन इन मेहंदी डिजाइंस से सजाएं अपने हाथ, सुंदरता में लगेंगे चार चांद



आज हम आपको कुछ ऐसी मेहंदी डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको इस साल काफी ज्यादा पसंद किया गया है। हम आपको राउंड टिक्की मेहंदी से लेकर पीकॉक फेदर वाली डिजाइन वाली मेहंदी के बारे में बताने जा रहे हैं। कोई भी पर्व या त्योहार मेहंदी के बिना अधूरा माना जाता है। त्योहारों पर अक्सर महिलाएं और लड़कियां अपने हाथों को मेहंदी से सजाती हैं। त्योहार में लड़कियां जिस तरह से अपने पसंद के कपड़े और ज्वेलरी लेती हैं, तो उसी तरह वह मेहंदी भी लगवाती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी मेहंदी डिजाइंस के बारे मे बताने जा रहे हैं, जिनको इस साल काफी ज्यादा पसंद किया गया है। हम आपको राउंड टिक्की मेहंदी से लेकर पीकॉक फेदर वाली डिजाइन वाली मेहंदी के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनकी डिजाइंस खूब चर्चा में होती है।

**कस्टमाइज मेहंदी**

बता दें कि इस साल कस्टमाइज मेहंदी का ट्रेंड भी खूब चलन में है। इस तरह की मेहंदी में लोग किसी एक थीम को फॉवो करते नजर आए हैं। जैसे वेडिंग थीम या बेबी शावर थीम खूब ट्रेंड में रही है। तो वहीं कुछ लोगों ने अपने पार्टनर की फोटो को मेहंदी में बनवाया।

**पीकॉक डिजाइन**

मेहंदी डिजाइन में इस साल मोर के पंख और मोर वाली डिजाइन काफी ज्यादा चर्चा में रही। यह आपके हाथों में काफी खूबसूरत लगेगी। आप इस मेहंदी डिजाइन को फ्रंट और बैक साइड दोनों पर अप्लाई करवा सकते हैं।

**क्रिस क्रॉस मेहंदी डिजाइन**

इस तरह की मेहंदी डिजाइन हाथों में बहुत ज्यादा खूबसूरत लगती है। इस साल किसक्रॉस यानी की जाल दार मेहंदी डिजाइन काफी ज्यादा ट्रेंड में रही है। इसे त्योहारों से लेकर शादियों तक के मौकों पर आप लगा सकती है।

**अरेबियन और मारवाड़ी फ्यूज़न**

इस साल अरेबियन और मारवाड़ी का फ्यूज़न कॉम्बिनेशन भी काफी ज्यादा ट्रेंड में रहा है। इस तरह की डिजाइन में आपको ब्रेसलेट लुक मिलता है। इस तरह की मेहंदी डिजाइन में आपको डिफरेंट वैराइटीज एक ही डिजाइन में नजर आएंगी।

**मंडला आर्ट मेहंदी**

इस तरह की मेहंदी डिजाइन आपको हाथों पर खूब जचेंगी। इस डिजाइन में फाइन वर्क किया जाता है। त्योहारों से लेकर शादियों तक में लोगों ने इस डिजाइन को अपने हाथों में ट्राई किया है।

**गोल टिक्की मेहंदी डिजाइन**

बता दें कि इस बार किसी भी तीज त्योहार या शादी के फंक्शन में यह मेहंदी की डिजाइन काफी ज्यादा चर्चा में रही है। यह काफी जल्दी लग जाती है और यह हाथों में भी काफी ज्यादा खूबसूरत लगती है।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार् समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।